# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर साप्ताहिक समाचार पत्र






वर्ष–02 अंक–05 अमरोहा उत्तर प्रदेश www.sabkasapna.com सोमवार ● 06 जनवरी से 12 जनवरी 2025 पेज–08 मूल्य 5 रूपये


**जरूर पढ़ें**

## डंपर ने कार को मारी टक्कर, दो भाजपा नेताओं की मौत

**ओडिशा** के संबलपुर जिले में शनिवार देर रात एक डंपर ने एक कार को टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो नेताओं की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान देबेंद्र नायक और मुरलीधर छुरिया के रूप में हुई है। नायक भाजपा के गोशाला मंडल अध्यक्ष थे, जबकि छुरिया पूर्व सरपंच। दोनों ही वरिष्ठ भाजपा नेता नौरी नायक के करीबी माने जाते थे। पुलिस ने डंपर के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। यह घटना बुर्ला थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)–53 पर देर रात करीब 1.30 बजे हुई। उसके मुताबिक, कार में चालक समेत छह लोग सवार थे और वे भुवनेश्वर से करडोला स्थित अपने घर लौट रहे थे।

## स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास तेंदुए ने मार दिया काला हिरण

**शूलपानेश्वर** वन्यजीव अभयारण्य में एक बेहद अजीब और दर्दनाक हादसा देखने को मिला। यहां एक तेंदुए ने काले हिरण को मार डाला। इसके बाद सात और काले हिरणों के शव पाए गए। जानकारों का कहना है कि एक साथी की हत्या के बाद डर के मारे बाकी ब्लैकबक की भी जान चली गई। घटना 1 जनवरी की बताई जा रही है। वन अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि काला हिरण यानी ब्लैकबक बेहद संवेदनशील जीव माना जाता है। वहीं बिश्नोई समाज के लिए यह जीव पूजनीय है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक एक चीता किसी तरह से अभयारण्य की बाउंड्री क्रॉस कर जंगल में आ गया।

# दिल्ली से मेरठ सिर्फ 40 मिनट में पहुंच जाएगी नमो भारत ट्रेन

### दिल्ली में रहने वाले लोग केवल 40 मिनट में ही दिल्ली के न्यू अशोक नगर स्टेशन से मेरठ साउथ तक पहुंच सकते हैं।

दिल्ली/मेरठ , एजेंसियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच आज दिल्ली मेरठ रिजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम कॉरिडोर के अतिरिक्त 13 किलोमीटर लंबे सेक्शन का उद्घाटन किया। इसी के साथ नमो भारत ट्रेन की एंट्री अब दिल्ली में भी हो चुकी है जिससे दिल्ली से मेरठ तक का सफर बेहद आसान हो गया है। न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक 11 स्टेशन आएंगे और हर 15 मिनट में ट्रेनें चलेंगी। इसके लिए पहली ट्रेन शाम 5 बजे रवाना भी हो गई है।



नमो भारत ट्रेन के जरिए मेरठ अब दिल्ली से सीधा जुड़ गया है और दिल्ली में रहने वाले लोग केवल 40 मिनट में ही दिल्ली के न्यू अशोक नगर स्टेशन से मेरठ साउथ तक पहुंच सकते हैं। इसके लिए स्टैंडर्ड कोच के लिए 150 रुपए और प्रीमियम कोच के लिए 225 रुपए है।बता दें अभी तक यह सेवा साहिबाबाद और मेरठ साउथ के बीच 42 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर के बीच दी जा रही थी जिसमें कुल 9 स्टेशन थे।

अब अतिरिक्त 13 किलोमीटर लंबे खंड के उद्घाटन होने से 55 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर खंड पर परिचालन नमो भारत ट्रेन का परिचालन शुरू गया है जिसमें स्टेशनों की संख्या भी बढ़कर 11 हो गई है।न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक चलने वाली नमो भारत ट्रेन के दौरान कुल 11 स्टेशन पड़ेंगे जिनमें न्यू अशोक नगर, आनंद विहार, साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधार, दुहाई, दुहाई डिपोट, मुराद नगर, मोदी नगर साउथ, मोदी नगर नॉर्थ और मेरठ साउथ शामिल है। नमो भारत ट्रेन में सफर करने वालों के लिए दो श्रेणियों में सामान्य और प्रीमियम के टिकट उपलब्ध हैं। पूरी ट्रेन में प्रीमियम का केवल एक कोच है। इसके लिए प्लेटफॉर्म पर एक अलग प्रवेश द्वार बनाया गया है जो केवल प्रीमियम टिकट को टैप करने पर ही खुलता है। प्रीमियम कोच का दरवाजा कोच के अंदर और बाहर लगे बटन को दबाने के बाद ही खुलेगा। प्रीमियम टिकट का मूल्य सामान्य से डेढ़ गुना ज्यादा है।

मेरठ दक्षिण और न्यू अशोक नगर दोनों जगह से आखिरी रैपिड ट्रेन रात 10.07 बजे की है। वहीं, सुबह पहली ट्रेन 06.07 बजे और केवल रविवार को 08.07 बजे की है।

> **क्या है टाइमिंग**
>
> मेरठ दक्षिण और न्यू अशोक नगर दोनों जगह से आखिरी रैपिड ट्रेन रात 10 .07 बजे की है। वहीं, सुबह पहली ट्रेन 06 .07 बजे और केवल रविवार को 08 .07 बजे की है।

## बड़ा हादसा : खाई में बोलेरे गिरने से चार की मौत

नई दिल्ली, एजेंसियां

जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में हुए हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा उस वक्त हुआ जब एक बोलेरो गहरी खाई में गिर गई। इस बोलेरो में कुल पांच लोग सवार थे। हादसे की जानकारी मिलते ही बचाव टीम वहां पर पहुंच गई और रेस्क्यू अभियान शुरू हो गया। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस मामले को लेकर किश्तवाड़ के डिप्टी कमिश्नर से बात की है।

पुलिस ने यहां बताया कि पद्दार से मासु गांव की ओर जा रहा एक वाहन खाई में गिर गया। उन्होंने कहाकि दुर्घटना में चार यात्रियों की मौत हो गई है और दो लापता हैं। उन्होंने बताया कि लापता लोगों की तलाश शुरू कर दी गई है। मृतकों की पहचान गढ़, पद्दार, किश्तवाड़ के रहने वाले राज कुमार, मुकेश कुमार, हकीकत सिंह और सतीश कुमार के रूप में हुई है।



केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया कि अभी यह जानकर दुख हुआ कि वाहन में यात्रा कर रहे चार यात्रियों को मौके पर ही मृत पाया गया है। चालक सहित दो अन्य व्यक्तियों का अभी तक पता नहीं चला है। शोक संतप्त परिवार को मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

इससे पहले शनिवार को बांदीपुरा जिले में एक वाहन के खाई में गिरने से सेना के चार जवान मारे गए। इस हादसे में एक जवान घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही बचाव दल वहां पर पहुंच गया। घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, हादसे की वजह जानने के लिए जांच हो रही है।

## मेरी पत्नी को सबक सिखाना, अतुल सुभाष जैसा केस वीडियो बनाकर दी जान

अहमदाबाद, एजेंसियां

अभी अतुल सुभाष सुसाइड केस की चर्चा ठंडी नहीं पड़ी है और गुजरात में भी ऐसा ही केस आया है। यहां पर एक व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सुसाइड किया है। वीडियो में उसने अपनी पत्नी को मौत के लिए जिम्मेदार बताया है। उसने अपने परिवार से पत्नी को सबक सिखाने के लिए कहा है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। मामला गुजरात के बोताड़ जिले के जमराला गांव का है। यहां पर 30 दिसंबर को 39 साल के सुरेश सथादिया ने अपने घर में सीलिंग फैन से फांसी लगाकर जान दे दी थी।

बोताड़ ग्रामीण पुलिस थाने के अधिकारियों ने मामले की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक महिला के खिलाफ



अपने पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि घरवालों को सुरेश के मोबाइल से वीडियो मिला था। इसमें उसने अपनी पत्नी को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। साथ ही घरवालों से गुहार लगाई है कि वह लोग उसकी पत्नी को सबक सिखाएं।सुरेश के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मृतक की पत्नी जयाबेन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। इस शिकायत में पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी बहू ने बेटे का लगातार मानसिक उत्पीड़न किया। वह उससे अक्सर झगड़ा करती थी और अपने माता–पिता के घर चली गई थी। एफआईआर के मुताबिक सुरेश अपने ससुराल भी गया और अपनी पत्नी को मनाने की कोशिश की। लेकिन उसकी पत्नी ने वापस आने से मना कर दिया। इसके बाद सुरेश ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया।गौरतलब है कि कुछ समय पहले ही इंजीनियर अतुल सुभाष का केस आया था। अतुल ने वीडियो बनाकर पत्नी निकिता, सास निशा और पत्नी के भाई अनुराग पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने और पैसे की वसूली का गंभीर आरोप लगाया है। इसी वीडियो में आत्महत्या की पूरी वजह बताई थी।

## किसान महापंचायत के बाद और बिगड़ी किसान नेता डल्लेवाल की तबीयत, दौड़ पड़ी डॉक्टरों की टीम

नई दिल्ली, एजेंसियां

खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 41 दिन से भूख हड़ताल कर रहे हैं। शनिवार को डल्लेवाल ने किसान महापंचायत बुलाई थी। पंजाब, हरियाणा और अन्य जगहों से बड़ी संख्या में किसान खनौरी बॉर्डर पर जमा हुआ। इस दौरान डल्लेवाल ने भी किसानों को संबोधित किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक संबोधन के बाद डल्लेवाल की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। वह सुस्त पड़ने लगे और उल्टियां होने लगीं। उनका ब्लड प्रेशर भी डाउन होने लगा। इसकी जानकारी जब पंजाब सरकार के अधिकारियों को लगी तो तुरंत वे डल्लेवाल से मिलने दौड़ पड़े। डॉक्टरों की टीम भी तुरंत उनके पास पहुंची और इलाज शुरू हो गया।



पंजाब सरकार के अधिकारी कई दिनों से कोशिश कर रहे हैं कि डल्लेवाल को अस्पताल में शिफ्ट करवाया जाए। हालांकि वह किसानों की मांगों को लेकर अडिग हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी पंजाब सरकार को डल्लेवाल को मनाने की डेडलाइन दी थी। पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से डेडलाइन बढ़ाने की मांग की है।

डल्लेवाल के बिगड़ते स्वास्थ्य की जानकारी मिलने के बाद डीआईजी नरेंद्र भार्गव अन्य अधिकारियों के साथ तुरंत खनौरी बॉर्डर पहुंचे। इसके अलावा चिकित्सकों की टीम को भी तैयार कर दिया गया था। बता दें कि शुक्रवार को डल्लेवाल ब्लड, यूरीन और ईसीजी टेस्ट करवाने को तैयार हो गए थे। किसान महापंचायत के लिए उन्हें एंबुलेंस से स्टेज पर लाया गया। स्टेज पर भी उनके लिए अलग से केबिन बनाई गई थी।

किसान महापंचायत के लिए सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए थे। आयोजन स्थल के चारों तरफ 100 ट्रैक्टर ट्रॉली लगाई गई थी। इसके अलावा 700 वॉलंटियर्स को तैनात किया गया था। ऐसा इसलिए किया गया था ताकि पुलिस वहां ना आ सके। क्योंकि 26 नवंबर को इसी तरह पुलिस किसानों के टेंट में घुस गई थी और अनशन कर रहे किसानों को अस्पताल पहुंचा दिया गया था। डॉक्टरों की टीम ने कहा कि संबोधन के दौरान डल्लेवाल का ब्लडप्रेशर अ़ार नीचे हो रहा था। इससे उन्हें काफी चिंता थी।

## राजनीति में सत्तारूढ़ पार्टी की ओर भागते हैं लोग, विचारधारा कहां चली जाती है: नितिन गडकरी

बांकेगंज (लखीमपुर), एजेंसियां

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि राजनीति को लेकर उनकी राय अच्छी नहीं है, क्योंकि इसमें इस्तेमाल करो और फेंको की रणनीति अपनाई जाती है। उन्होंने सवाल किया कि राजनीति में सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल होने की होड़ रहती है, ऐसे में लोगों की विचारधारा और निष्ठा कहां चली जाती है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गडकरी ने यह भी कहा कि देश में विचारधारा नहीं, बल्कि विचारों का खालीपन समस्या है। उन्होंने कहा, "कई लोग सत्ता में आने वाली पार्टी में शामिल हो जाते हैं, ऐसे में उनकी विचारधारा और निष्ठा कहां चली जाती है? हमारे देश में विचारधारा नहीं, बल्कि विचारों का खालीपन समस्या है।"



पुणे में मराठा सेवा संघ की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि अगर देश को प्रगति करनी है, तो सबसे पहले अपने घर–परिवार का ख्याल रखना होगा। एक किस्सा याद करते हुए उन्होंने कहा, "एक आदमी मेरे पास आया और बोला कि वह देश के लिए अपनी जान देना चाहता है। उस समय, उसका कारोबार ठप था, वह दिवालिया हो रहा था और घर पर उनकी पत्नी और बच्चे थे। मैंने उससे कहा कि पहले अपने घर का ख्याल रखो, फिर देश का।"

> राजनीति को लेकर उनकी राय अच्छी नहीं है, क्योंकि इसमें इस्तेमाल करो और फेंको की रणनीति अपनाई जाती है। उन्होंने सवाल किया कि राजनीति में सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल होने की होड़ रहती है, ऐसे में लोगों की विचारधारा और निष्ठा कहां चली जाती है।

गडकरी ने कहा कि वह छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना आदर्श मानते हैं, क्योंकि मराठा सम्राट ने लड़ाई लड़ी और जीती, लेकिन पूजा स्थलों को नष्ट नहीं किया या विरोधियों पर अत्याचार नहीं किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने अपने शासनकाल के दौरान सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार किया और वह वास्तव में भारत के धर्मनिरपेक्ष शासक थे।

### खराब मौसम के कारण दिन के लिए सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं

## कश्मीर में भारी बर्फबारी और बारिश, श्रीनगर एयरपोर्ट पर सभी फ्लाइट्स कैंसल

श्रीनगर , एजेंसियां

कश्मीर घाटी में पहाड़ों पर बर्फबारी के कारण विजिबिलिटी में आई कमी से रविवार को श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं। अधिकारियों ने कहा कि सुबह–सुबह कम दृश्यता के कारण श्रीनगर हवाई अड्डे पर घने कोहरे ने हवाई यातायात को बाधित किया। शुक्रवार से, कोहरे के कारण कम दृश्यता के कारण हवाई अड्डे पर उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ है, जिससे हजारों स्थानीय और गैर–स्थानीय यात्री प्रभावित हुए हैं। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने कहा, ₹खराब मौसम के कारण दिन के लिए सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं। दृश्यता 50 मीटर



तक कम थी।विमानों के हवाई अड्डे पर उतरने और उड़ान भरने के लिए दृश्यता 1000–1100 मीटर के आसपास होनी चाहिए। जैसे–जैसे दिन चढ़ता गया, पहाड़ों में बर्फबारी हुई, जबकि मैदानी इलाकों में बारिश हुई। दो दिनों तक भारी बर्फबारी का अनुमान है। ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में भी दोपहर बाद हल्की बारिश हुई, जो दिन चढ़ने के साथ तेज हो गई। भारी ठंड और बर्फबारी से आवश्यक सेवाओं के बाधित होने के कारण स्थानीय लोगों के जीवन पर दबाव बढ़ रहा है।

पर्यावरण विज्ञान विश्वविद्यालय के छात्र मोहम्मद अनीस ने कहा, ₹बर्फबारी हमारे अस्तित्व के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे पूरे साल पानी की उपलब्धता, कृषि और बिजली उत्पादन होता है, हालांकि हमें सर्दियों में आम लोगों के लिए होने वाली तत्काल कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जैसे अत्यधिक ठंड, बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित होना और हवाई और सतही यातायात का बंद होना। जम्मू–कश्मीर पर्यटन हैंडल ने 'एक्स' पर गुलमर्ग में अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ताजा बर्फबारी का एक आश्चर्यजनक वीडियो पोस्ट किया। पोस्ट में कहा गया, ₹कश्मीर में बर्फबारी हो रही है। घाटी से बर्फबारी के लेटेस्ट दृश्य देखें।" यातायात विभाग ने बर्फबारी की भविष्यवाणी के कारण लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी। जम्मू–कश्मीर यातायात पुलिस ने रविवार को कहा, "लोगों को सावधानी बरतने और सड़क की स्थिति की जांच करते रहने की सलाह दी जाती है। राजमार्ग पर दोनों तरफ यातायात चल रहा है। बनिहाल–काजीगुंड सेक्टर (कश्मीर में प्रवेश द्वार) में मौसम बादल छाए हुए हैं। बर्फबारी का मौसम विभाग का भी पूर्वानुमान है।"

## लक्षद्वीप में गोताखोरों के हाथ लगा 'खजाना', समुद्र से ढूंढ निकाला प्राचीन युद्धपोत

नई दिल्ली, एजेंसियां

लक्षद्वीप में गोताखोरों ने एक अहम खोज की है। 17वीं या 18वीं शताब्दी के यूरोपीय युद्धपोत का मलबा उनके हाथ लगा है। दरअसल, गोताखोर लक्षद्वीप द्वीपसमूह में कल्पेनी द्वीप के पास समुद्री जीवन की खोज पर निकले थे, जहां उन्हें युद्धपोत मिला। यह द्वीप के पश्चिमी किनारे पर पड़ा हुआ था। रिसर्चर्स का मानना है कि जहाज का मलबा तीन यूरोपीय देशों (पुर्तगाल, डच या ब्रिटिश) से संबंधित है। यह इस क्षेत्र में इस तरह की पहली खोज बताई जा रही है। जहाज का जो मलबा मिला है उसे लेकर आगे की स्टडी जारी है।

अब तक अध्ययन से पता चला कि 17वीं और 18वीं शताब्दी में समुद्री संघर्षों से इस मलबे का ऐतिहासिक लिंक हो सकता है। खासकर जब मध्य पूर्व और श्रीलंका के बीच व्यापार मार्ग को लेकर



प्रभुत्व की लड़ाई हुआ करती थी। मौके से एक तोप की उपस्थिति और जहाज के आकार से पता चलता है कि यह युद्धपोत रहा होगा। इसे लोहे और लकड़ी को मिलाकर बनाया गया था। एक समुद्री खोजकर्ता ने कहा, 'कलपेनी के पश्चिमी किनारे पर हमें यह मलबा मिला। उस वक्त तक नहीं पता था कि यह कोई युद्धपोत था। कुछ समय बाद हमें वहां पर एक तोप और लंगर भी मिला। ऐसे में हमें एहसास हुआ कि यह एक बड़ी खोज हो सकती है।' इदरीस बाबू विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में एक वैज्ञानिक हैं। वह गोताखोरों के समूह के मेंटर हैं। उन्होंने टीओआई से बात करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में पहले ऐसे जहाज का मलबा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह जहाज 50–60 मीटर लंबी रही होगी।

# बच्चों को कुपोषण मुक्त किया जाएगा

**अमरोहा(सब का सपना)।सौरभ गोस्वामीः** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में जनपद को कुपोषण मुक्त किये जाने के सम्बन्ध में अधिक कुपोषण युक्त सैम/ मैम वाले ग्राम पंचायतों को चिन्हित कर उन परिवारों को सरकार की कल्याण कारी योजनाओं से लाभान्वित कर उन बच्चों को 03 माह में कुपोषण मुक्त किये जाने के दृष्टिगत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 30 ग्राम पंचायत ऐसी हैं जिसमे ज्यादा संख्या में कुपोषण युक्त सैम /मैम बच्चे हैं । प्रत्येक अधिकारी को एक एक ग्राम पंचायत आवंटित कर नोडल नामित किया जाता जिसकी यह जिम्मेदारी होगी कि सरकार द्वारा संचालित किसी भी योजना से उन परिवारों को लाभान्वित कर आगामी 03 माह में बच्चों को कुपोषण मुक्त किया जाएगा। कहा कि उन परिवारों की काउंसलिंग कर सरकार योजना से जोड़ा जाएगा।

सभी अधिकारी 17 और 18 जनवरी को मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर लें । इसमे कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी । कुपोषण युक्त सैम / मैम बच्चे कुपोषण मुक्त हो जाय यह सुनिश्चित करना होगा। कहा कि सरकार ने विभिन्न योजनाएँ चला रखी है अधिकारियों को मौके पर जाकर जागरूक करना होगा और योजनाओं से लाभान्वित करना होगा ताकि उस परिवार की इनकम बढ़ सके और वह आत्म निर्भर होकर अपने बच्चों को उचित तरीके से पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराने के लिए सक्षम हो सके ।

कहा कि इन परिवारों को नरेगा कुक्कुट मत्स्य पालन मुर्गी पालन या समहो के माध्यम से उसको आत्म निर्भर बनाएंगे । उस परिवार की इनकम बढ़ाने के लिए कार्य करना नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी होगी ।

जिलाधिकारी ने कहा कि क्उउऱ विभाग द्वारा भी ऐसे परिवारों को पनीर पीनस बटर जैसे पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा। कहा कि उन परिवारों को ज्यादा प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों के बारे में जागरूक किया जाए । कहा कि जिला अस्पताल और सम्बन्धित सी एचसी में भी कुपोषण युक्त वाले बच्चों को भर्ती कराकर उन्हें पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराया जाएगा।

बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों का स्पस्टीकरण मांगने के निर्देश जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी




को दिए ।कहा कि उन परिवारों की काउंसलिंग कर सरकार योजना से जोड़ा जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप उप जिलाधिकारी अमरोहा धनौरा हसनपुर नौगांवा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।



# अमरोहा में धूमधाम के साथ मनाई गई माता सावित्रीबाई फूले की जयंती

**अमरोहा संवाददाता, सबका सपना**
अमरोहा शहर के मौहल्ला फ्रैंड्स कालोनी वासुदेव निवासी योगाचार्य महेश कुमार के निजी आवास पर माता सावित्रीबाई फुले की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने माता सावित्रीबाई फुले और महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण किया।

इस दौरान योगाचार्य महेश कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र के सतारा जिले के नया गांव में माली जाति में 3 जनवरी 1831 को जन-?मी सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका थी। सावित्रीबाई फुले शिक्षक होने के साथ भारत के नारी मुक्ति आंदोलन की पहली नेता, समाज सुधारक और मराठी कवयित्री भी थी। इन-?हे बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए समाज का कड़ा विरोध झेलना पड़ा था। समाज में महिलाओं को हक दिलाना उनका लक्ष्य था। बताया कि आजादी के पहले तक भारत में महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं था।

ऐसे समय में सावित्रीबाई फुले ने जो कर दिखाया वह कोई साधारण उपलब्धि नहीं थी। वह जब स्कूल पढ़ाने जाती थीं तो लोग उन पर कीचड, गोबर,पत्थर फेंकते थे। इस सब के बावजूद वह अपने लक्ष्य से कभी नहीं भटकीं और लड़कियों व महिलाओं को शिक्षा का हक दिलाया। उन्हें आधुनिक मराठी काव्य का अग्रदूत माना जाता है।

सावित्रीबाई का विवाह महज नौ साल की उम्र में ज्योतिराव फुले से हो गया। विवाह के समय वह पढ़ी-लिखी नहीं थी।

# समाज में महिलाओं को हक दिलाना था उनका लक्ष्य



**अमरोहा।** जनपद अमरोहा में डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के बैनर तले माता सावित्रीबाई फुले की जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन टीचर्स कालोनी हसनपुर में रामवीर सिंह के आवास पर किया गया। सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया गया।

भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि महाराष्ट्र के सतारा जिले के नया गांव में माली जाति में 3 जनवरी 1831 को जन-?मी सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका थी। सावित्रीबाई फुले शिक्षक होने के साथ भारत के नारी मुक्ति आंदोलन की पहली नेता, समाज सुधारक और मराठी कवयित्री भी थी। इन-?हें बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए समाज का कड़ा विरोध झेलना पड़ा था।

समाज में महिलाओं को हक दिलाना उनका लक्ष्य था।बताया कि आजादी के पहले तक भारत में शूद्र और स्त्री की गिनती दोयम दर्जे में होती थी। आज की तरह उन-?हें शिक्षा का अधिकार नहीं था। ऐसे समय में सावित्रीबाई फुले ने जो कर दिखाया वह कोई साधारण उपलब्धि नहीं है। वह जब स्कूल पढ़ने जाती थीं तो लोग उन पर पत्थर फेंकते थे।

# मुख्य विकास अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ ली बैठक

**अमरोहा (सब का सपना) शोसिंह सैनीः**
अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में टीवी उन्मूलन के अंतर्गत चलाए जाने वाले अभियान के सम्बंध मुख्य विकास अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई । जिला अधिकारी ने कहा कि जनपद में टीवी उन्मूलन के लिए वृहद अभियान चलाया जाए सभी सी एचसी पीएच सी ग्राम ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक टीवी मरीजों को चिन्हित कर उन्हें दवा दिलाई जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी शैक्षणिक संगठनों स्वयंसेवी संस्थाओं जनप्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया जाए और टीवी उन्मूलन के लिए कार्य किया जाए। कहा की स्वास्थ्य विभाग के पूरी टीम गंभीरता के साथ कार्य करें और प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें इसमें किसी भी




प्रकार की लापरवाही नहीं की जानी चाहिए । टीवी उन्मूलन कार्यकम की नियमित समीक्षा की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि टीवी उन्मूलन की एक ब्रह्द रूपरेखा तैयार किया जाए उसके अनुसार अभियान चलाकर कार्य किया जाए । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्यपाल सिंह सहित सहित अन्य संबंधित अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नव प्र्रवर्तकों हेतु जिला स्तरीय नवप्र्रवर्तन प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

**अमरोहा (सब का सपना) श्यो सिंहः**-राजकीय इंटर कॉलेज अमरोहा के सभागार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊविज्ञान के तत्वाधान संचालित जिला विज्ञान क्लब अमरोहा असंगठित क्षेत्र के नव प्रवर्तकों हेतु जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी में आए हुए किसान, मजदूर ,कामगार ,कारीगर महिलाओं तथा बाल वैज्ञानिक आदि नवप्रवर्तकों ने अपने-अपने मॉडल प्रस्तुत किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओमप्रकाश गोला अध्यक्ष माटी कला बोर्ड दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री , विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा तथा जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह द्वारा नवप्रवर्तकों को सम्मानित किया गया प्रथम स्थान

विमल चौहान बिवडा खुर्द रूपये 8000द्वितीय स्थान सुरेंद्र कुमार त्यागी ग्राम बरतोरा गंगेश्वरी रुपए 5000तृतीय स्थान मुनाहिद बद्र




मोहल्ला मजापोता अमरोहा रुपए 3000इसके अतिरिक्त रुपए 2000/के पांच सांत्वना पुरस्कार

दिवांशु कुमारशाहपुर कैलसा रोड हिमांशु आर्य बंबूगढ़ अमरोहा ऑन मोहम्मद मोहल्ला शफात पोता अमरोहा देवेश चौधरी अमरोहा प्रिंसी यादव ग्राम जुझैला मंडी धनौरा को प्रदान किए गए मुख्य अतिथि श्री ओमप्रकाश गोला ने कहा कि आज के इस वैज्ञानिक युग में जो प्रवर्तकों की सहभागितामहत्वपूर्णहैनवप्रवर्तन द्वारा देश का विकास होता है

मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने नवप्रवर्तन की आवश्यकता है किसी भी कठिन कार्य को नवप्रवर्तन द्वारा ही सरल तरह से किया जा सकता है। जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह ने सभी नवप्रवर्तकों के मॉडल को प्रशंसा की और कहा कि इन नवप्रवर्तकों का प्रयास सराहनीय है इनसे जनपद को लाभ प्राप्त होगा इसके अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ गजेंद्र पाल सिंह, डॉ जमशेद कमाल ,मोहम्मद आदिल अब्बासी,सतीश कुमार , संतराम यादव , डॉ सतपाल सिंह ने अपने विचार प्रकट किए।मंच का संचालन डॉ्र वीरेंद्र कुमार शुक्ला जी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सह समन्वयक राकेश कुमार कोषाध्यक्ष हुसैन मोहम्मद फ़कीर ग़ज़ाली,अरशद फारूकी ,शोएब आग़ा ,ममता यादव ,अभिलाषा रजा जहीर,मुराद अली खान, सतपाल सिंह ,संतराम सिंह यादव आदि उपस्थित रहेअंत में जिला विज्ञान क्लब के जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक शाने हैदर ने सभी नवप्रवर्तकों और अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया

एक नजर

# जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह से मिलकर दी नव वर्ष की बधाई



**अमरोहा।** जनपद अमरोहा के माध्यमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेशीय मंत्री डॉ0 जी0 पी0 सिंह के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह से मिला तथा मिलकर नव वर्ष की बधाई दी। इस दौरान जी पी सिंह ने कहा की इस सत्र के अवशेष एरियर इसी सत्र में भुगतान होने चाहिए और जो पिछले हैं उनको धनराशि के अनुसार जे डी कार्यालय अथवा निदेशालय अनुमन्यता हेतु भिजवा दिए जाएं। इस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने शीघ्र ही नए और पुराने अवशेषों का शीघ्रता से निपटाने का आश्वाशन दिया।

संगठन के प्रदेशीय मंत्री डॉ0 जी0 पी0 सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आगरा में आयोजित होने वाले 57 वें तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन का उद्घाटन भारत सरकार के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दिनांक 07 जनवरी, 2025 को करेंगे। आगरा स्थित मुफीद-ए-आम इंटर कालेज में दिनांक 7, 8 एवं 09 जनवरी, 2025 को प्रातः 10:00 बजे से आयोजित होने वाले राज्य सम्मेलन की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, पूर्व एम0एल0सी0 करेंगे। डॉ0 सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी को सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इसी के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डा0 महेन्द देव सम्मिलित होगें।



# गरीबों की हमदर्द बनी डॉक्टर लक्ष्मी, कुष्ठ आश्रम में गरीबों को बाटे कंबल

**अमरोहा।** जनपद अमरोहा के संयुक्त जिला चिकित्सालय की क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर लक्ष्मी ओर उनके पति डॉक्टर निकेश चंद ने अमरोहा के कुष्ठ आश्रम में कड़के की ठंड को लेकर गरीबों को लिहाफ वितरण किए।

वही अमरोहा शहर के मोहल्ला वासुदेव निवासी डॉक्टर लक्ष्मी और उनके पति निकेश चंद गरीब एवं जरूरतमंदो की सेवा करने का मौका नहीं छोड़ते। जो हर पल जरूरतमंदों की सेवा करते रहते है। डॉक्टर लक्ष्मी का कहा है कि मानव से बढ़कर कोई सेवा नहीं होती। ओर सच्ची सेवा जरूरतमंदों के काम आना है। लोगों को अपने सामर्थ के अनुसार जरुरतमंदों की सेवा करते रहना चाहिए। डॉक्टर निकेश चंद ने कहा है कि संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने कहा था कि ये समाज के लोग पढ़ लिख कर सामर्थ मान बन जाओ तो गरीब जरूरतमंदों की सेवा जरूर करना ।



# जिला समाज कल्याण अधिकारी ने वृद्ध आश्रम में ठंड से बचाव के किए कड़े इंतजाम

**अमरोहा(सब का सपना):**
जनपद अमरोहा में सर्दी का सितम लगातार बढ़ता चला जा रहा है। जहां पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी में लोगों जनजीवन अयस्क व्यस्त हो रहा हैं। ऐसे में लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। वहीं कड़कती ठंड से लोगों के बचाव करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कड़े इंतजाम किए गए हैं। वहीं जिले की समाज कल्याण अधिकारी पंखुड़ी जैन ने चार्ज संभाला है तब से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गरीब लोगों तक पहुंचने में लगी है। इसी के साथ कड़कती ठंड को लेकर जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बंबूगढ़ रोड स्थित वृद्ध आश्रम में वृद्धो के लिए बचाव के पुख्ता इंतजाम किए है। इस दौरान समाज कल्याण अधिकारी पंखुड़ी जैन ने बताया है कि उनके द्वारा हर तीसरे दिन वृद्ध आश्रम का निरीक्षण किया जा रहा है।

जहां वृद्ध आश्रम में वृद्धो को बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रहे हैं। उन्होंने बताया है कि वृद्ध आश्रम में लगभग 42 महिला पुरुष है। जिसमें सभी वृद्धो को गर्म कपड़े उपलब्ध कराए गए हैं। इसी के साथ ठंड से बचने के लिए अलाव का भी इंतजाम किया है। उन्होंने कहा है कि लगभग दो-चार दिन के बाद वृद्धो को गर्म कपड़े वितरण किए जाएंगे। इसी के साथ उन्होंने कहा है कि समझ में रहने वाले गरीब लोगों के लिए समाज कल्याण विभाग निरंतर कार्य कर रहा है।

# मवेशियों से भरी दो डीसीएम को विहिप–बजरंग दल ने पकड़ा



**अमरोहा/गजरौला।** विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने मवेशियों से भरी डीसीएम को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि एक डीसीएम को थाने के पास से पुलिस ने पकड़ा। गजरौला में कुमराला पुलिस चौकी के पास में बुधवार को साप्ताहिक पशु बाजार लगता है। बुधवार दोपहर के समय यहां से एक डीसीएम में बेरहमी से छोटे बड़े मवेशियों को भरकर हापुड़ ले जाया जा रहा था। इस बात की जानकारी जब विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री विपिन शर्मा, विभाग संगठन मंत्री गौरव प्रताप, बजरंग दल के जिला संयोजक कुशल चौधरी को मिली तो उन्होंने पीछा करके बृजघाट में एक डीसीएम को रुकवा लिया।

डीसीएम में बेरहमी के साथ कई मवेशी भरे हुए थे, जबकि इसी दौरान एक डीसीएम को पुलिस ने थाने के पास ही पकड़ लिया। इसमें भी बेरहमी से भरकर मवेशी ले जाए जा रहे थे। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। क्राइम इंस्पेक्टर जितेन्द्र बालियान ने बताया कि इनमें छोटे तीन पशुओं की मौत हो चुकी है। मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया है।

पशु कारोबारियों को नहीं होता तकलीफ का अहसास

बुधवार को पशुओं के साप्ताहिक बाजार में पशु क्रूरता के मामले सामने आते हैं। पशु कारोबारियों को केवल मुनाफे से मतलब होता है, वे बेरहमी से पशुओं को भरकर लाते हैं और खरीद–फरोख्त करके इसी तरह भरकर ले जाते हैं। बेरहमी से पशुओं के भरने के कारण कई पशु तो आपस में ही एक दूसरे के ऊपर गिरकर भी घायल हो जाते हैं। बुधवार के साप्ताहिक बाजार में न केवल अमरोहा बल्कि मुरादाबाद, मेरठ, शामली और मुजफ्फरनगर तक के पशु कारोबारी आते हैं।

# द आर्यन्स में हुआ विंटर वंडरलैंड 2024 मेले का आयोजन



**अमरोहा।** जनपद अमरोहा के अग्रणी शिक्षण संस्थान द आर्यन्स, जोया में दिनांक 29 दिसंबर 2024 दिन रविवार को भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसका बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। बाल मेले का उ?द्घाटन विद्यालय के प्रबंधक चौधरी हरपाल सिंह, अनिल कुमार सिंह तथा निदेशक अमन लिङ्ग व गौरव चौधरी एवं प्रधानाचार्य आदेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मेले की शुरुआत सुबह 11:00 बजे से हुई और दोपहर तक बच्चों व अभिभावकों का स्टॉलों पर जमावड़ा लगा रहा। बाल मेले में आयोजित प्रतियोगिताओं में टैटू आर्ट, फ्लाइंग झूमर्स, हैवी हिटर्स, बोटल फ्लिप, रिंग चाम, मिनी बास्केट बॉल, कप पिरामिड बेलिंग, बजबायर, प्लीनको, फॉर्च्यून फिलिक्स, पिरामिड ओ प्राइस, चेक मेट और हांटेड हाउस, जैसे खेलों में भाग लेकर उपहार जीते। इसके साथ ही अमरोहा से आए जादूगर इंतजार पाशा ने जादू के माध्यम से सभी को हैरान कर दिया। बाल मेले में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, वाणिज्य एवं सामाजिक विज्ञान, की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मेले में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल पर बच्चों की भीड़ अधिक रही। मेला में हर 15 मिनट पर सुपर लकी ड्रॉ विजेताओं को कंबल, जियो फोन, इयरपॉड्स, स्मार्ट वॉच, टी सेट, प्रेस, इलेक्ट्रिक केतली, कैसरोल सेट, कुकवेयर सेट, कंबल, हैंड बीटर, कूकर, पंखा, गैस स्टॉव, सूटकेस, इंडक्शन, डिनर सेट, मिक्सर ग्राइंडर, कूलर, टीवी, वाशिंग मशीन और फ्रीज आदि विभिन्न प्रकार के उपहार प्रदान किए गए। बाल मेले में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए।

# महिलाओं के उत्पीड़न को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन

**अमरोहा।** जनपद अमरोहा के विकास भवन सब अगर में स्थित मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस–5 के अंतर्गत जनपद स्तर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी निधि गुप्ता के आदेश पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न के अन्तर्गत विकास भवन, सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से बताया गया कि सभी महिला कर्मचारियों के लिए यौन उत्पीड़न से मुक्त, सुरक्षित और भय रहित वातावरण प्रदान करना है। महिलाओं के खिलाफ़ यौन उत्पीड़न की शिकायत घटना की तारीख से तीन महीने के अंदर की जा सकती है। अगर शिकायतकर्ता शारीरिक रूप से अक्षम है, तो उसके रिश्तेदार, दोस्त, सहकर्मी घटना की जानकारी रखने वाला कोई व्यक्ति उसकी लिखित सहमति से शिकायत कर सकता है। अगर आईसीसी का कोई फ़ैसला शिकायतकर्ता या प्रतिवादी को पसंद नहीं आता, तो वह 90 दिनों के अंदर मा0 न्यायालय या न्यायाधिकरण में अपील कर सकते हैं।




उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश सिंह, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुड़ी जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी अलका चौधरी, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी शिखा शर्मा , समस्त सम्बन्धित जनपदीय अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय के समस्त कार्मिक उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने किया नगर पालिका परिषद गजरौला की गौशाला का निरीक्षण

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने नगर पालिका गजरौला के रैन बसेरे , ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था तथा गौ संरक्षण के दृष्टिगत गौशाला का निरीक्षण किया गया । गौ शाला निरीक्षण ने जिलाधिकारी ने ठंड से पशुओं को बचाव के इंतजाम हरा चारा खली चोकर भूसा की उपलब्धता के लिए स्टॉक रजिस्टर सुपर्दगी रजिस्टर सहित अन्य व्यवस्था ओं को देखा। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गजरौला को निर्देशित करते हुए कहा कि ठंड से बचाव के दृष्टिगत पशुओं के बेहतर देखभाल किया जाए कोई भी पशु ठंड के अभाव में परेशानी में नहीं आना चाहिए ।कोई भी पशु बीमार होता है तो उसको त्वरित पशु डॉक्टर को सूचित कर इलाज कराया जाए। उन्होंने कहा कि पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान कराया जाए ताकि अच्छी नस्ल के गौ वंश पैदा हो और उन्हें अधिक से अधिक सुपुर्दगी कराया जाय । जिलाधिकारी ने अधिकारी नगर पालिका से अभी तक कितनी सुपर्दगी की गई है जानकारी भी ली । कहा की यह ध्यान रखा जाय कि हरा चारा भूसा और खली चोकर मिलाकर पशुओं को अवश्य दिया जाए । गौशाला के गोबर के निस्तारण के लिए बनाए गए गोबर गैस प्लांट के बंद होने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को शीघ्र चालू करने के निर्देश दिया । जिलाधि कारी ने नगर पालिका परिषद गजरौला में अलाव की व्यवस्था को आवश्यक जगह पर भ्रमण कर देखा और निर्देशित करते हुए कहा कि नियमित रूप से सुबह और शाम अलाव जलते रहना चाहिए रैन बसेरे का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि रैन बसेरे में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं होनी चाहिए रात में कोई भी आश्रयहीन व्यक्ति खुले में बाहर घूम रहा है वैठा है तो उन्हें रैन बसेरे में लाया जाए ।

# गौवंश के लिए ठण्ड का सहारा बनी उनके गोबर से बनी लकड़ियाँ

**अमरोहा।** अमरोहा शहर की नगर पालिका परिषद द्वारा अपनी गौशाला मे संरक्षित गौवंश के गोबर से बनायीं गयीं गौ–काष्ठ ( गोबर से बनी लकड़ी ) इन दिनों भीषण ठण्ड मे गौशाला मे संरक्षित गौवंश को अपनी तपिश से सहारा प्रदान कर रही हैं। गौशाला मे जलने वाले अलाव मे इनका प्रयोग किया जा रहा है।

इसके सम्बन्ध मे विस्तार से जानकारी देते हुए नगर पालिका परिषद अमरोहा अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार बताया की नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा संचालित अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल मे नगर के विभिन्न स्थानों से निराश्रित / बेसहारा गौवंश को पालिका की गौशाला संरक्षित किया जाता है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिए गए हैं की गौशाला मे संरक्षित गौवंश द्वारा उत्सर्जित गोबर से आय के स्रोत उत्पन्न कर, इससे अर्जित आय को गौशाला मे संरक्षित गौवंश के संरक्षण मे उपयोग किया जाये, जिलाधिकारी महोदय के आदेशों के अनुपालन मे नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा पालिका गौशाला मे गौवंश के गोबर से विभिन्न वस्तुएँ बनाये जाने हेतु गौ–काष्ठ यूनिट की स्थापना की गयीं है, जिसमे गोबर से विभिन्न उत्पाद जैसे गौ–काष्ठ, दिए आदि बनाये जा रहे हैं, गौशाला मे गोबर से बनाये गए दियो को बाजार मे बिक्री के लिए तैयार किया गया है, जल्दी ही अमेज़ॉन एवं फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलइन शॉपिंग प्लेटफार्म्स पर पालिका गौशाला मे गोबर से बने ये उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। वर्तमान मे भीषण ठण्ड एवं शीत लहरी के दृष्टिगत शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम मे पालिका द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलवाये जा रहे हैं। पालिका गौशाला मे संरक्षित गौवंश को इस भीषण ठण्ड मे सुरक्षित एवं स्वास्थ रखने हेतु गौशाला के समस्त शेड़ो को वाटरप्रूफ / एयरप्रूफ तिरपाल से कवर्ड किया गया है। तथा अलाव भी जलवाये जा रहे हैं, गौशाला के अलाव मे लकड़ी के साथ पालिका गौशाला मे गोबर से बने गौ–काष्ठ ( गोबर की लकड़ी ) जलाई जा रही है। गोबर से बनी यह स्टिक उत्तम स्तर की आग एवं गर्मी उत्पन्न कर रही है। गोबर की इस स्टिक से जलाये गए अलाव से एक ओर गौशाला मे संरक्षित गौवंश को राहत प्राप्त हो रही है वहीं दूसरी ओर गोबर स्टिक की आग पर्यावरण के अनुकूल भी है। इस प्रकार गोबर से बनी लकड़ी का सदुपयोग गौशाला मे किया जा रहा है। पालिका अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया की हमारे द्वारा किया गया यह प्रयोग अभी ट्रायल के प्रारंभिक स्तर पर है, इसकी उपयोगिता और आमजन की रूची के आधार पर इसका उत्पादन व्यापक स्तर पर किया जायेगा।



# जी.एस.टी पंजीयन जागरूकता अभियान के अंतर्गत मेगा सेमिनार का आयोजन

**अमरोहा** शहर के जेएस हिंदू डिग्री कॉलेज के सभागार में जी.एस.टी पंजीयन जागरूकता अभियान के अंतर्गत मेगा सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान सेमिनार में मुख्य अतिथि जॉइंट कमिश्नर मुरादाबाद मोहित गुप्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर अमरोहा कर विभाग के अधिकारियों और व्यापारियों ने फूलमालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान इस पंजीयन जागरूकता अभियान में कर विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों को पंजीयन लेने के लाभ बताए गए। व्यापारियों को बताया गया है कि व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत विभाग द्वारा 10 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है। छोटे व्यापारियों के लिए समाधान योजना व अन्य लाभों से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2017–18 से वर्ष 2019 –20 तक माल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 73(9) के अंतर्गत पारित आदेशों में सृजित मांग में से कर की मांग को जमा करने पर ब्याज व अर्थ दंड माफी से संबंधित एमनेस्टी स्कीम 2024 में भी अवगत कराया गया है। मेगा सेमिनार में व्यापारियों की जीएसटी से संबंधित समस्याओं का निराकरण भी किया गया। अपंजीकृत व्यापारियों को पंजीयन करने के लिए व्यापार मंडल एवं व्यापारी बंधुओ से सहयोग करने का अनुरोध किया गया। मेगा सेमिनार में राज्य कर विभाग के संयुक्त आयुक्त राज्य कर मुरादाबाद मोहित गुप्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मेगा सेमिनार में उपयुक्त आर.के मौर्य, महेश चंद्र एवं डॉक्टर आलोक कुमार श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त पुनीत कुमार चौबे, विनोद कुमार खांगड़, सुश्री करिश्मा अग्रवाल, राज्य कर अधिकारी रामनाथ सिंह, देवकरण सिंह, रविंद्र गोस्वामी, मकसूद अहमद आदि उपस्थित रहे।उक्त मेगा सेमिनार में व्यापार मंडल रजिस्टर्ड के अध्यक्ष प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष इब्राहिम मंसूरी, उपाध्यक्ष महबूब जैदी, मंत्री सिद्धार्थ जैन, संरक्षण योगेश जैन, संगठन मंत्री मनु कमल गुप्ता, युवा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अनवर सालिम, बुनकर हथकरघा एसोसिएशन अमरोहा के अध्यक्ष आरिफ परवेज उर्फ टीटू जिला टैक्स बार एसोसिएशन अमरोहा के उपाध्यक्ष अमित खंडेलवाल, अधिवक्ता मीडिया प्रभारी मोहम्मद आमिर, अधिवक्ता उपस्थित रहे तथा पंजीयन जागरूकता के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए । अमित मोहन गोयल विजय चतुर्वेदी, शाहिद अली अधिवक्ता आदि व्यापारी व अधिवक्ता बंधु उपस्थित रहे।




सेमिनार में मुख्य अतिथि जॉइंट कमिश्नर मुरादाबाद मोहित गुप्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर अमरोहा कर विभाग के अधिकारियों और व्यापारियों ने फूलमालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान इस पंजीयन जागरूकता अभियान में कर विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों को पंजीयन लेने के लाभ बताए गए।

## संक्षेप खबरें

# बौद्धिक संपदा अधिकार कानून एवं भारतीय युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में कैरियर अवसर



**अमरोहा।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान में बौद्धिक सम्पदा अधिकार कानून एवं अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में भारतीय युवाओं के लिए कैरियर अवसर विषय पर एकदिवसीय वैश्विक संगोष्ठी का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता /अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए यूनाइटेड किंगडम लन्दन से आयी अंतरराष्ट्रीय कानून विशेषज्ञ डा. अंजली एस. डोहार्टी ने 'बौद्धिक सम्पदा कानून अधिकार' को विस्तार से समझाते हुए अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में भारतीय युवाओं के लिए विभिन्न कैरियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान के डा. सी.वी. रमन सभागार में बौद्धिक सम्पदा अधिकार कानून एवं अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में भारतीय युवाओं के लिए कैरियर संभावनाएं विषय पर आयोजित एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि / वक्ता एवं अंतरराष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों डा. अंजली एस. डोहार्टी, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्ण कान्त दवे, वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. (डा.) मधु चतुर्वेदी आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया ।

# पति ने अप्राकृतिक संबंध बनाकर दिया तीन तलाक, अज्ञात व्यक्ति ने की छेड़खानी

**अमरोहा।** दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को उसके ससुराल वालों ने मार पीटकर घर से निकाल दिया। मायके में रह रही महिला के घर पहुंचे पति ने दहेज की मांग दोहराई। विरोध करने पर सास, पति और अज्ञात व्यक्ति ने मारपीट की। पति ने कमरे में ले जाकर जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाए और उसे तीन तलाक दे दिया। वहीं अज्ञात व्यक्ति ने भी छेड़खानी की। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले की है। यहां की निवासी महिला की शादी सात साल पहले हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद महिला को ससुराल में प्रताड़ित किया जाने लगा। दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक 15 दिसंबर रात आठ बजे महिला अपने मायके में खाना बना रही थी। तभी उसका पति सरफराज, छोटी व एक अज्ञात व्यक्ति उसके घर पर पहुंचे और मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान वहां पर पहुंचे अज्ञात व्यक्ति ने छेड़खानी की। इस दौरान पति ने अप्राकृतिक संबंध बनाए, साथ में अज्ञात व्यक्ति ने भी जबरदस्ती की। बाद में छोटी ने पीड़िता का दुपट्टे से गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। शोर होने पर आरोपी पति तीन तलाक देकर चला गया।

पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने आरोपी पति, सास व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच की जा रही है।

दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को उसके ससुराल वालों ने मार पीटकर घर से निकाल दिया। मायके में रह रही महिला के घर पहुंचे पति ने दहेज की मांग दोहराई। विरोध करने पर सास, पति और अज्ञात व्यक्ति ने मारपीट की। पति ने कमरे में ले जाकर जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाए और उसे तीन तलाक दे दिया।



# सोमवती अमावस्या पर भक्तों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**गजरौला।** सोमवती अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने बृजघाट व तिगरी धाम गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया और पूजन कर मन्नत मांगी। गजरौला के ब्रजघाट व तिगरी धाम में सोमवार की सुबह से ही कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान शुरू कर दिया।

अमरोहा के अलावा संभल, बिजनौर, रामपुर, मुरादाबाद, मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़ आदि जनपदों से श्रद्धालु गंगा स्नान करने पहुंचे। दोपहर बाद तक स्नान के लिए श्रद्धालुओं का आना–जाना लगा रहा। बहुत से श्रद्धालु रविवार की देर रात ही ब्रजघाट पहुंच गए थे। मान्यता है कि सोमवती अमावस्या पर गंगा स्नान करने से देवता खुश होते हैं। सोमवती अमावस्या पर भक्तों ने भगवान सत्यनारायण व्रत कथा का श्रवण कर अपने परिवार की सुख समृद्धि एवं धन धान्य की कामना की। श्रद्धालुओं ने पुरोहितों को दान पुण्य भी किया एवं गरीबों को भोजन भी कराया। पुलिस की कड़ी चौकसी भी रही। वहीं नेशनल हाईवे पर सोमवती अमावस्या के चलते जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह जाम खुलवाकर यातायात सुचारू कराया।

सोमवती अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने बृजघाट व तिगरी धाम गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया और पूजन कर मन्नत मांगी। गजरौला के ब्रजघाट व तिगरी धाम में सोमवार की सुबह से ही कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान शुरू कर दिया।

# भागवत गीता का समस्त भक्तगणों के सहयोग से हुआ समापन

**मथुरा (सब का सपना) राजकुमार गुप्ताः**– गणेशधाम में भागवत गीता का समस्त निवासी एवं क्षेत्रीय भक्तगण के सहयोग से समापन हुआ। श्री राधा जन्मोत्सव की धूम मची हुई है। भागवत आचार्य उमाकिशोरी जी ने कहा, द्वापर युग में श्री राधा रानी की लीलाओं का साक्षी यह ब्रह्मचल पर्वत आज भी आनंदित हो रहा है। द्वापर युग में श्री वृषभानु नंदिनी श्री राधा रानी के मन में मयूर नृत्य देखने की उत्कंठा हुई उन्होंने अपनी प्रिय सखी ललिता, विशाखा से कहा चलो सखी मोर कुटी चलते हैं सब सखियां मिलकर मोर कुटी विहार करते समय वहां उन्हें मोर नहीं मिले अपनी प्राणप्रिया श्रीराधा रानी की मन की इच्छा को जानकर श्री कृष्ण ने ही सुंदर दिव्य मोर रूप धर कर नृत्य करने लगे मोर का अद्भुत नृत्य देख सखियां अचंभित हो जाती हैं मोर का ऐसा नित्य उन्होंने कभी नहीं देखा अद्भुत मोर बिहारी को श्री राधा रानी अपने हाथो से खिलाया। उमाकिशोरी जी ने बताया आज से 5000 वर्ष पूर्व श्री कृष्ण ने मोर बनकर इस स्थान पर लीला की थी जिसे आज कुटी के नाम से जाना जाता है।

उन पर राधा रानी की कृपा हुई श्री जी की कृपा के बिना ब्रज में बास करना बड़ा कठिन श्री लाडली की कृपा से ही ब्रज में बस मिलता है यह वह स्थल है यहां श्री कृष्ण भी अपनी सुध भूल जाते हैं श्री कृष्ण कहते है मेरे मन बसों नित ब्रज ही ब्रज गहबर की कुंजन बैठ राधा गुण गांऊ में। आस सब छोड़ दीनी आस है किशोरी एक ब्रह्माचल बैठे-बैठे राधा गुण गांऊमें। दानगढ़ मानगढ़ सुंदर विलासगढ़ मोर कुटी छवि देख सुध भूल जाऊंमें ।कहत कुंवरि कान मेरे मन बसौ ध्याए, बरसाना छोड़ बैकुंठ ना जाऊं में। इस ब्रज मंडल में भगवान के चार निज धाम है ब्रज चौरासी कोस में चार गांव निज धाम वृंदावन और मधुपुरी बरसानो नंदगाम यह चारों नित्य लीला धाम है।

जहां आज भी ठाकुर श्री जी की अद्भुत लीलाएं होती रहती हैं। गीता भागवत में समस्त गणेश धाम कॉलोनी के निवासी एवं क्षेत्रीय भक्तगण ज्ञान नारायण अग्रवाल, नीरज रावत, श्याम सुधा सोनी, विजय सिंघल, चंद्रप्रकाश गुप्ता, दिनेश चंद्र, दीपक राजपूत, पार्षद राकेश भाटिया आदि उपस्थित रहे।

> दानगढ़ मानगढ़ सुंदर विलासगढ़ मोर कुटी छवि देख सुध भूल जाऊं में ।कहत कुंवरि कान मेरे मन बसौ ध्याए, बरसाना छोड़ बैकुंठ ना जाऊं में । इस ब्रज मंडल में भगवान के चार निज धाम है ब्रज चौरासी कोस में चार गांव निज धाम वृंदावन और मधुपुरी बरसानो नंदगाम यह चारों नित्य लीला धाम है।



# निर्माणाधीन महाराणा प्रताप सेवा सदन पर मजदूरों को बांटे गए कंबल

**मथुरा (सब का सपना)** राजकुमार गुप्ताः– शनिवार को जीएलए यूनिवर्सिटी के पीछे निर्माणाधीन भवन महाराणा प्रताप सेवा सदन पर प्रदेश प्रभारी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ठाकुर वीरपाल सिंह भदोरिया, क्षत्रिय नेता ठाकुर सियाराम प्रधान, ठाकुर सुजान सिंह, ठाकुर राजा भोज, ठाकुर गोविंद जादौन के साथ पहुंचे। यहां उन्होंने सेवा सदन में कार्य कर रहे सैकड़ों मजदूरों को गर्म कंबल वितरित किए। इस दौरान ठाकुर वीरपाल सिंह भदोरिया ने कहा कि क्षत्रिय हमेशा से निर्बल वर्ग की रक्षा व सुरक्षा करते आए हैं। गर्म कंबल के सहारे मजदूरों को भीषण ठंड से काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनपद मथुरा में क्षत्रियों को एकजुट होने के लिए कोई भवन नहीं था। सामलिया ग्रुप के चेयरमैन ठाकुर यशवीर सिंह राघव ने दरियादिली दिखाते हुए करोड़ों की जमीन क्षत्रिय भवन के लिए दान कर इतिहास रचने का काम किया है। क्षत्रिय बंधुओं को इस निर्माणाधीन भवन में भरपूर योगदान करना चाहिए। जिससे भवन की पहचान क्षत्रियों की शान के रूप में हो सके। क्षत्रिय नेताओं ने ठाकुर वीरपाल सिंह भदोरिया का फूल, माला, पटुका पहनाकर महाराणा प्रताप की छवि भेंट कर भव्य सम्मान भी किया।



## 23 को प्रयागराज धर्म संसद में पहुंचेंगे लाखों सनातनी : दिनेश शर्मा

**मथुरा (सब का सपना)** राजकुमार गुप्ताः– श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास द्वारा 23 जनवरी प्रयागराज महाकुंभ में होने जा रही विराट धर्म संसद को सफल बनाने के लिए आज विशेष पूजा अर्चना के बाद निमंत्रण पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया,

इस श्रृंखला में वृंदावन के प्रसिद्ध धर्माचार्य एवं यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति प्रसिद्ध उद्योगपति नारायण दास अग्रवाल को निमंत्रण दिया गया,

श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा ने कहा कि यह कुंभ महापर्व भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण की जन्मभूमि को मुक्त कराने के लिए हिन्दू जागरण में सहायक सिद्ध होगा, महाकुंभ में होने वाली धर्म संसद देश भर के समस्त अखाड़े एवं धर्माचार्य श्री कृष्ण जन्मभूमि के विषय में ठोस निर्णय के लिए सरकार को प्रस्ताव भेज सकते हैं. दिव्य शक्ति अखाड़े के ब्रजमंडल अध्यक्ष पं बिहारी लाल वशिष्ठ , एवं स्वामी ज्ञान सागर महाराज ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए सनातन गौरव को फिर से प्राप्त करने के लिए श्री कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति परम आवश्यक है. उन्होंने कहा न्यायालय में केस चल रहा है, सभी प्राचीन साक्ष्य न्यायालय में जमा कर दिए हैं. इस प्रकार की धर्म संसद करना ही जन जागरण का मध्यम है. इस अवसर पर प्रमुख रूप से बालकिशन शर्मा बालों पंडित, राजेश पाठक, गोविंद आचार्य, विष्णु कांत शास्त्री, रामेश्वर शर्मा आदि उपस्थित थे.



### संक्षेप खबरें

## दुकान में लगी आग, लाखों का जल गया सामान, दमकल का इंतजार करता रहा दुकानदार

**मथुराः** थाना कोतवाली के प्रोफेसर कॉलोनी में शॉर्ट सर्किट के चलते परचून की दुकान में आग लग गई। लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। मौके पर पहुंची दमकल ने लपटों पर काबू पाया।बीएसए कॉलेज के समीप प्रोफेसर कॉलोनी में नीलेश गुप्ता की परचून की दुकान है। शुक्रवार रात रोज की तरह नीलेश रात 10 बजे दुकान बंद कर अपने घर गए थे। रात में करीब तीन बजे दुकान से लपटें उठतीं देख आसपास रहने वालों ने नीलेश को जानकारी दी। नीलेश दुकान पर पहुंचे। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि उनकी आंखों के सामने देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पूरी दुकान को लपटों ने चपेट में लिया। अंदर रखा सामान जल गया।देरी से पहुंची दमकल

आग लगने की सूचना देने के बाद भी दमकल देरी से पहुंची। पीड़ित ने बताया कि सूचना देने के एक घंटे बाद दमकल मौके पर पहुंची। तब जाकर लपटों पर काबू किया जा सका, लेकिन आग में लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित के अनुसार आग में काफी नुकसान हुआ है। 25 से 30 लाख रुपए का सामान जल गया।

## पसंदीदा खाना खिलाया, शॉपिंग करवाई फिर बेटी के साथ मिलकर पति को मार डाला



**हरियाणा** के रोहतक जिले में एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। शख्स की हत्या में न केवल पत्नी बल्कि मृतक की नाबालिग बेटी भी शामिल थी। पुलिस ने बेटी, पत्नी समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला गद्दी खेड़ी गांव का है, जहां कब्र में दबाया गया शव पुलिस ने निकाल लिया है। हत्या को मृतक की पत्नी गुरमति, नाबालिग बेटी, प्रेमी व एक अन्य शख्स ने अंजाम दिया था। हत्या के बाद जमीन में गड्ढा खोदकर शव को नमक डालकर दफना दिया गया।

इसके 3 दिन बाद खुद आरोपी पत्नी ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। 42 साल के परमजीत के शव को पुलिस ने एक जनवरी को बरामद किया था। पत्नी ने 28 दिसंबर को हत्या करने से पहले पति परमजीत की मनपसंद सब्जी बनाई। इसके बाद उसे शॉपिंग करवाई और शाम को घूमने का बहाना बनाकर हत्या कर दी।

खुद से 17 साल छोटे प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया। पुलिस ने गुमशुदगी की शिकायत के बाद मामले की जांच शुरू की तो आरोपी महिला शक के घेरे में आ गई। जब पुलिस ने आरोपी पत्नी से पूछताछ की तो वह कई सवालों का सही जवाब नहीं दे पाई। सख्ती बरतने पर उसने राज खोल दिया।

इसके बाद पुलिस ने उसके प्रेमी, नाबालिग बेटी और प्रेमी के दोस्त को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।परमजीत की पत्नी ने खुद 31 दिसंबर को बहू अकबरपुर थाने में पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जबकि हत्या 28 दिसंबर की रात को कर दी गई थी। गुरमति के 17 साल छोटे प्रेमी के साथ संबंध थे और इस बात का पता उसकी नाबालिग बेटी को भी था। पुलिस अधिकारी नीरज कुमार के अनुसार परमजीत को जब पत्नी के अफेयर की भनक लगी तो उसने विरोध किया।

## छात्रा का रास्ता रोककर गला घोटकर जान से मारने का किया गया प्रयास

**गजरौला (सब का सपना)** सौरभ गोस्वामीः– थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार शाम सिरफिरे युवक ने रास्ते में स्कूटी सवार जीएनएम की छात्रा का गला घोंटकर हत्या करने की कोशिश की। छात्रा काफी देर तक तड़पती रही, लेकिन आरोपी युवक छात्रा को अपनी टांगों से दबाकर कपड़े से उसका गला घोंटता रहा। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे राहगीरों ने छात्रा को आरोपी के कब्जे से छुड़ाया। जिसके बाद परिजनों ने बेहोशी की हालत में छात्रा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित छात्रा के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक छात्रा निजी मेडिकल कॉलेज में जीएनएम की छात्रा है बताया जाता है कि गांव का ही युवक उससे 4 वर्ष से प्रेम करता है इस दौरान आरोपी युवक ने छात्रा को अन्य लड़कों से बात करते हुए देख लिया था। जिससे वह नाराज था। शनिवार शाम छात्रा स्कूटी पर सवार होकर अपने



गांव से किसी कार्य हेतु गजरौला आ रही थी। तभी रास्ते पर उसे आरोपी युवक खड़ा हुआ मिला और उसने स्कूटी को रुकवा लिया। पहले तो आरोपी युवक छात्रा से बात करता रहा लेकिन इसी बीच आरोपी युवक ने छात्रा के ही दुपट्टे से उसका गला घोट कर हत्या करने की कोशिश की। आरोपी युवक छात्रा को काफी समय तक जमीन पर घसीटा रहा और वह चीखती चिल्लाती रही। गला दबाने से छात्रा बेहोश होकर तड़पने लगी इसी बीच आवाज सुनकर राहगीर मौके पर पहुंच गए राहगीरों ने छात्रा को आरोपी से बमुश्किल बचाया। इसी बीच किसी अनजान व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# पाइप लाइन बिछाने को तोड़ी गई सड़कों की नहीं हुई मरम्मत, ग्रामीण परेशान

**ढवारसी (सब का सपना):**– जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल योजना चलाई जा रही है। जिसके तहत हर ग्राम पंचायत में ओवरहेड टैंक का निर्माण तथा पाइप लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। इस योजना का उद्देश्य लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराना है। लेकिन, पाइप लाइन बिछाने के लिए तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत में लापरवाही बरती जा रही है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव भूवरा में ओवर हेड टैंक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा सड़क तोड़कर पाइप लाइन बिछाने तथा हर घर में टंकी लगाने का काम भी पूरा हो चुका है। इतना ही नहीं गांव के प्रत्येक घर को पानी की आपूर्ति भी शुरू हो गई है। लेकिन, इसके बावजूद भी पाइप लाइन बिछाने के लिए तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई है। जिससे लोगों को परेशानी का




सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत कर सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की है लेकिन, समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

बुजुर्ग ग्रामीण हरिओम शर्मा का कहना है कि गांव में टूटी सड़कों पर चलना दूभर हो रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी हम जैसे उम्र दराज लोगों को होती है। टूटी सड़कों की मरम्मत जल्द कराई जानी चाहिए।

ग्रामीण अनुज गौड़ बताते हैं कि टूटी सड़कों में नालियों का पानी भरने से गांव में गंदगी फैल रही है साथ ही जलभराव की समस्या बनी हुई है। हालांकि, गांव में सरकारी टंकी का पानी शुरू होने से लोगों को शुद्ध पानी मिल रहा है।

ग्रामीण संदीप कुमार कहते हैं कि हर घर नल योजना से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था तो हो गई है लेकिन, इसके लिए गांव की सड़कों को तोड़कर जो पाइप लाइन बिछाई गई है उन टूटी पड़ी सड़कों को अभी तक दुरुस्त नहीं किया गया है। जिन्हें जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाना आवश्यक है।

एक ओर ग्रामीण आकाश शर्मा ने बताया कि गांव में टूटी हुई सड़कों पर पानी जमा होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। साथ ही गंदगी भी फैल रही है जिससे बीमारियां पनपने का खतरा बना हुआ है। टूटी सड़कों को दुरुस्त किया जाना चाहिए।

आवश्कता, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, सार्वजनिक सूचना विज्ञापन कम दरों में

सब का सपना क्लासीफाइड के साथ लाखों तक पहुँचाइये अपनी बात

अपना विज्ञापन बुक करवाने के लिये संपर्क करें
9456884327

# रविवार को चौपला स्थित गुरुद्वारा में अखंड पाठ का हुआ समापन

**गजरौला (सब का सपना) सौरभ गोस्वामीः**– नगर में श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में पंच प्यारों की अगुवाई में विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। गुरु ग्रंथ साहब प्रकाश पालकी रथ, अखाड़े के सदस्यों के हैरतअंगेज करतब, एक्स आर्मी पंजाबी बैंड की धुन लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही थी। इस दौरान 'जो बोले सो निहाल, वाहे गुरु' के उद्घोषों से वातवारण गुंजायमान रहा। रविवार को चौपला स्थित गुरुद्वारा में अखंड पाठ के समापन पर सुबह 11 बजे नगर कीर्तन का शुभारंभ हुआ जो चौपला पुलिस चौकी से होता हुआ लक्ष्मीनगर, रेलवे ओवरब्रिज होते हुए टीचर कालोनी, सरकारी अस्पताल, इंदिरा चौक, बस्ती अवंतिका नगर, डाकखाना होते हुए इंदिरा चौक से रमाबाई कालेज, केनरा बैंक, खादगूजर चौराहा, स्टेशन मार्ग से पुन इंदिरा चौक, रेलवे



ओवरब्रिज होते हुए शाम लगभग छह बजे गुरुद्वारा पहुंचकर संपन्न हुआ। नगर कीर्तन का नेतृत्व पंच प्यारे कर रहे थे। उसके पीछे स्थानीय बैंडबाजे व डीजे पर गूंजते सिख आस्था के गीत गुनगुना रहे थे। रामपुर व मुरादाबाद से अखाड़े की गतका पार्टी ने तलबारवाजी, सिर पर बर्फ आदि रखकर तोड़ने का हैरत अंगेज करतब दिखाया जा रहा था। वहीं पंजाबी एक्स आर्मी बैंड की मधुर धुन लोगों का ध्यान अपनी



ओर आकर्षित कर रही थी। वहीं फूलों से सजे गुरु ग्रंथ साहब का प्रकाश पालकी रथ के आगे अनुनायी मार्ग पर झाडू लगाते हुए, पानी का छिड़काव व फूल बरसाते हुए चल चल रहीं थे। पालकी के पीछे महिला अनुनायी जत्था कीर्तन करते हुए चल रहीं थीं।

वातावरण में बोले सो निहाल व वाहे गुरु के उद्घोष गूंज रहे थे। इस दौरान सरदार अमरजीत सिह, सरदार धर्म सिह, हरभजन सिह, दर्शन सिह, वचन सिह, हरजीत सिह, गुरुजीत सिह, रंजना कौर, जसोवद्र कौर, हरप्रीत कौर, जसपाल सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा के द्रष्टिगत प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह मय फोर्स के साथ रहे।



अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें–9456884327

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत का हुआ आयोजन

**हापुड़ (सब का सपना) बाबर अली:–** सिंभावली सहकारी गन्ना विकास समिति के परिसर में जिला कार्यकारिणी के निर्णय अनुसार मासिक पंचायत का आयोजन किया गया।

मासिक पंचायत की अध्यक्षता मेरठ मंडल के संगठन मंत्री महिपाल सिंह उर्फ गुजराल और संचालन जिला महासचिव कैप्टन राजेश चौधरी ने किया। पंचायत में किसानों का बकाया गन्ना भुगतान और विधुत विभाग की लापरवाही समेत पर जमकर चर्चा की गई। मासिक पंचायत में किसानों का बकाया गन्ना भुगतान को लेकर गन्ना महाप्रबंधक विशवास राज और समिति सचिव राकेश पटेल से भाकियू की वार्ता हुई।

मासिक पंचायत के दौरान गन्ना महाप्रबन्धक विश्वास राज और समिति सचिव राकेश पटेल ने कहा कि जिन किसानों के पास पर्ची से अधिक गन्ना है उनके लिए एडिशनल कोटा भी बनाया जाएगा ताकि किसान का सम्पूर्ण गन्ना क्रय किया जा सकेगा। मासिक पंचायत के दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया है कि 7 जनवरी को जिला कलक्ट्रेट का घेराव कर किसानों की समस्याओं से जिला अधिकारी को अवगत कराकर निस्तारण कराया जाएगा।

मासिक पंचायत के दौरान गन्ना महाप्रबन्धक विश्वास राज और समिति सचिव राकेश पटेल ने कहा कि जिन किसानों के पास पर्ची से अधिक गन्ना है उनके लिए एडिशनल कोटा भी बनाया जाएगा ताकि किसान का सम्पूर्ण गन्ना क्रय किया जा सकेगा। मासिक पंचायत के दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया है कि 7 जनवरी को जिला कलक्ट्रेट का घेराव कर किसानों की समस्याओं से जिला अधिकारी को अवगत कराकर निस्तारण कराया जाएगा जिसमें

एमएसपी गारंटी कानून बनाया जाए व गन्ना मूल्य बढ़ाया जाए और आवारा पशुओं से किसानों की फसल बर्बाद हो रही है उनकी धरपकड़ की जाए और वही बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को बिल प्रत्येक महीने मिलना चाहिए ताकि



किसान समय से बिजली बिल जमा कर पाए वही विधुत विभाग की टीम द्वारा कनेक्शन काटने में पक्षपात न किया जाए वरना बिजली विभाग का इलाज बांध दिया जाएगा।मासिक पंचायत में कुंवर खुशनूद जिला प्रवक्ता, महिला विंग जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, सरिता देवी, ब्लॉक अध्यक्ष गढ़, शोभा देवी, जिला संरक्षक पीके वर्मा, शहाबुद्दीन, ग्राम अध्यक्ष इरशाद अली, जुबैर खान, मुनव्वर अली डॉक्टर मतलूब, नौशाद अली, डॉक्टर साजिद डॉक्टर अनिल कुमार, रणवीर सिंह, ग्राम अध्यक्ष शाहिद, प्रदीप चौधरी, फैजान अली, हुसैन अहमद महमूद अली, शारुख अली, टीटू जाटव समेत मौजूद रहे।

# तहसील से 50 मीटर की दूरी पर 2 दिन से खुले आसमान के नीचे रह रहा अधेड़

**शिकारपुर/बुलंदशहर (मनोज गिरि):–** तहसील के नजदीक खुले आसमान के नीचे एक 50 वर्षीय व्यक्ति 2 दिन से हाईवे किनारे पड़ा हुआ है। लेकिन तहसील प्रशासन व नगर पालिका और पुलिस प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार की सहायता 50 वर्षीय अधेड़ के लिए नहीं पहुंचाई जा सकी है कई दिनों से हाड़ कांपने वाली ठंड पड़ रही है जहां आम आदमी का घर से निकलना भी दूभर हो रहा है लेकिन ऐसी कड़कड़ाती ठंड में एक 50 वर्षीय अधेड़ तहसील से कुछ दूरी पर ही हाईवे के नजदीक दो दिन से खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है।

जब राहगीरों ने व्यक्ति को हाईवे के किनारे कड़कड़ाती ठंड में लेटे हुए देखा तब राहगिरो के द्वारा उसके खाने और पानी की व्यवस्था की गई। वहीं दूसरी तरफ सवाल उठता है कि सरकार के द्वारा



जनहित में आनको योजनाएं संचालित की जा रही है लेकिन क्या धरातल पर सरकार की योजनाओं को अधिकारी पहुंच पा रहे हैं।

तब ऐसी घटना को देखकर लगता है की सरकार के और सरकार के नुमाइंदों के द्वारा जनहित के दावे केवल हवा हवाई है खुले आसमान के नीचे सो रहे व्यक्ति की घटना से स्थानीय प्रशासन की कार्य शैली पर सवाल उठलाजमी हैं। अब देखना यह होगा कि सब कुछ यूं ही चलता रहेगा या फिर कुछ बदलेगा भी।

# आंगनवाड़ी में होगा पंजाब की जेल की महिला कैदियों के बच्चों का दाखिला

**पंजाब की** भगवंत मान सरकार द्वारा एक बड़ी ही सराहनीय पहल की शुरुआत की जा रही है। दरअसल, पंजाब सरकार द्वारा राज्य के जेलों में बंद महिला कैदियों के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उनका दाखिला आंगनवाड़ी केंद्रों में करवाया जाएगा। इससे इन बच्चों को सरकार की तरफ से पौष्टिक भोजन और प्राथमिक शिक्षा दी जाएगी। इस बात की घोषणा पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने की है। उन्होंने फरीदकोट जेल के दौरे के दौरान इसका ऐलान किया है।

कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने फरीदकोट की मॉडर्न सेंट्रल जेल का दौरा करने हुए वहां की महिला कैदियों से बातचीत की। साथ ही उनकी बुनियादी जरूरतों का आकलन किया। इस दौरान उन्होंने पंजाब सरकार महिला कैदियों




और उनके बच्चों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी के तहत महिला कैदियों के बच्चों का आंगनवाड़ी केंद्रों में दाखिला किया जाएगा। इससे बच्चों को आंगनवाड़ी के पूरक पोषण कार्यक्रम और प्रारंभिक शिक्षा का लाभ मिलेगा। मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र में महिला कैदियों के बच्चों को पौष्टिक भोजन और बुनियादी शिक्षा प्रदान करके उनके समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इसके अलावा मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने जेल में महिला कैदियों को कौशल विकास का मौका दिया।

# दिल्ली में गैंगवार की साजिश नाकाम, 7 बदमाश गिरफ्तार लंदन में बैठे इस गैंगस्टर के संपर्क में थे शूटर

**दिल्ली** पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 7 बदमाशों को अरेस्ट कर दिल्ली में गैंगवार की बड़ी वारदातों को नाकाम किया है। जो बदमाश पकड़े गए हैं, वे लंदन में बैठे कुख्यात गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू की गैंग के हैं। सभी बदमाश वांछित शूटर हैं, जिनको नंदू से फोन पर निर्देश मिल रहे थे। नंदू वही बदमाश है, जिसके साथ मिलीभगत करने के आरोप आप विधायक नरेश बालियान पर लगे थे। इस मामले में विधायक को पुलिस ने अरेस्ट किया था। विधायक के ऊपर मकोका के तहत कार्रवाई की गई है।

सूत्रों के मुताबिक क्राइम ब्रांच को जानकारी मिली थी कि लंदन में बैठे गैंगस्टर कपिल के निर्देश पर राजधानी दिल्ली और एनसीआर में गैंगवार की आशंका है। नंदू अपनी विरोधी गैंग के लोगों पर हमले करवा सकता है। पुलिस




ने जानकारी के बाद सबूत जुटाकर कई इलाकों में रेड की थी। जिसके बाद 7 बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने बदमाशों से बड़ी संख्या में हथियार और लाखों रुपये कैश बरामद किया है। शूटरों के मोबाइल फोन की जांच के बाद पता लगा है कि ये सिग्नल ऐप के जरिए नंदू के संपर्क में थे। फोन पर लगातार गैंगस्टर से निर्देश मिल रहे थे।इस गैंग के 3 शूटरों ने कुछ महीने पहले वेस्ट दिल्ली के राजमंदिर नाम के स्टोर पर फायरिंग की थी। दो शूटर मुठभेड़ के बाद पुलिस के हत्थे चढ़ गए थे। पुलिस एनकाउंटर में दोनों को गोली लगी थी, जिसके बाद पुलिस ने इनको अस्पताल में दाखिल करवाया था। दिल्ली के मुंडका इलाके से आरोपियों को अरेस्ट किया गया था। कपिल सांगवान उर्फ नंदू के खिलाफ दिल्ली में 20 केस दर्ज हैं।

कपिल सांगवान पांच साल पहले विदेश भाग गया था। वह नजफगढ़ इलाके का रहने वाला है। फिलहाल वह लंदन से अपनी गैंग को ऑपरेट कर रहा है। नंदू के खिलाफ हरियाणा के बहादुरगढ़ में नफे सिंह राठी की हत्या करवाने का भी केस दर्ज है। पुलिस उसे भाजपा नेता सुरेंद्र मटियाला हत्याकांड का मास्टरमाइंड बता चुकी है।

# पत्नी निकिता संघानिया समेत सभी आरोपियों को बड़ी राहत



बेंगलुरु - अतुल सुभाष सुसाइड केस में एक बड़ा अपडेट सामने आया है। इस मामले में जेल में बंद पत्नी निकिता संघानिया, सांस और साले को बड़ी राहत मिली। बेंगलुरु की एक अदालत ने शनिवार को तीनों आरोपियों को जमानत दे दी। पुलिस ने प्रयागराज और गुरुग्राम से तीनों आरोपियों को पकड़ा था। आइए जानते हैं कि क्या है पूरा मामला?

आरोप है कि पत्नी निकिता सिंघानिया, उनकी सास निशा सिंघानिया और साले अनुराग सिंघानिया ने अतुल सुभाष को प्रताड़ित किया। आरोपियों ने तलाक के लिए बेंगलुरु के एआई इंजीनियर पर 3 करोड़ रुपये का दबाव बनाया था। इसके प्रेशर में अतुल सुभाष ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस को 9 दिसंबर को उसके अपार्टमेंट में अतुल के शव मिले थे। साथ ही उन्होंने 90 मिनट का वीडियो और एक सुसाइड नोट छोड़ा दिया, जिसमें पत्नी और ससुरालियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इस मामले में जांच के बाद बेंगलुरु पुलिस ने निकिता सिंघानिया, उसकी मां और भाई के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 और 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की। एफआईआर में तीनों आरोपियों पर अतुल सुभाष को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और अदालत में पेश किया, न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# मिनटों में तय होगा घंटों का सफर! 2025 में मिलेगी 3 बड़े एक्सप्रेसवे की सौगात

**दिल्ली–मुंबई**, नए साल में कई लोग कहीं न कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं। वहीं लोगों की जर्नी को आसान बनाने के लिए भारत में कई तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर को मंजूरी मिल चुकी है। इसमें कुछ खास एक्सप्रेसवे का नाम भी शामिल है। यह एक्सप्रेसवे न सिर्फ आपके सफर को आसान बना देंगे बल्कि इससे आपकी जर्नी का समय भी काफी हद तक कम हो जाएगा। तो आइए जानते हैं इस साल खुलने वाले 3 खास एक्सप्रेसवे के नाम।

1. दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे

दिल्ली और मुंबई को जोड़ने वाला नया एक्सप्रेसवे वास्तव में देश का सबसे बड़ा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे होगा, जिसका 82% काम पूरा हो चुका है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में बताया कि जून 2024 तक दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे के 53 में से 26 पैकेज बन चुके थे। वहीं इस साल अक्टूबर तक एक्सप्रेसवे का काम पूरा हो जाएगा। 1,386 किलोमीटर का यह हाईवे दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र को जोड़ेगा। इसके शुरू होने के बाद नई दिल्ली से मुंबई की दूरी महज 180 किलोमीटर होगी और इसका समय लगभग आधा हो जाएगा।




एक्सप्रेसवे इस साल अगस्त तक खुलने की उम्मीद है। 71 किलोमीटर का यह एक्सप्रेसवे दक्षिण भारत की 2 बड़ी राजधानियों को कनेक्ट करेगा। इसकी लागत 17,900 करोड़ है। वर्तमान में बेंगलुरु से चेन्नई जाने में 6 घंटे का समय लगता है। वहीं एक्सप्रेसवे खुलने के बाद यह समय घटकर 3 घंटा हो जाएगा। यह हाईवे कर्नाटक, आंध्र प्रदेस और तमिलनाडु को आपस में जोड़ेगा।3. दिल्ली–देहरादून हाईवे

दिल्ली एनसीआर में रहने वाले लोगों के लिए भी हिल स्टेशन्स पर जाना आसान हो जाएगा। दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेसवे का काम लगभग पूरा होने वाला है। अगले 3 महीनों में यह हाईवे ऑपरेशनल हो सकता है। वर्तमान में दिल्ली के देहरादून की दूरी 5–6 घंटे है, जो अब घटकर महज 2 घंटे हो जाएगी। 10,000 करोड़ की लागत से बनने वाला यह हाईवे दिल्ली के कालिंदी कुंज को हरियाणा के फरीदाबाद से भी कनेक्ट करेगा।

> **दिल्ली एनसीआर में रहने वाले लोगों के लिए भी हिल स्टेशन्स पर जाना आसान हो जाएगा। दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेसवे का काम लगभग पूरा होने वाला है। अगले 3 महीनों में यह हाईवे ऑपरेशनल हो सकता है। वर्तमान में दिल्ली के देहरादून की दूरी 5–6 घंटे है, जो अब घटकर महज 2 घंटे हो जाएगी। 10,000 करोड़ की लागत से बनने वाला यह हाईवे दिल्ली के कालिंदी कुंज को हरियाणा के फरीदाबाद से भी कनेक्ट करेगा।**

**जरूरी खबरें**

# गाड़ी खाई में गिरी; 4 जवानों की मौत, 3 गंभीर रूप से घायल

**जम्मू कश्मीर** से एक बुरी खबर आ रही है। सेना के जवानों से भरा वाहन खाई में गिर गया। इस हादसे में 4 जवानों की मौत हो गई है। वहीं 3 जवान गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा स्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।यह हादसा जम्मू कश्मीर के बांदीपुरा में हुआ है। आज यानी शनिवार की दोपहर सेना की एक गाड़ी वुलर व्यू पॉइंट से नीचे गिर गई। गाड़ी गहरी खाई में गिर पड़ी, जिससे 4 जवानों की जान चली गई। वहीं 3 जवान घायल हैं, जिन्हें एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया है।घायल जवानों को श्रीनगर भेजा

बांदीपुरा जिला अस्पताल के मेडिकल सुप्रीडेंट डॉक्टर मसरत इकबाल वानी के अनुसार इस हादसे में 7 लोगों को चोटें आई थीं, जिसमें से 4 जवानों की मौत हो गई और 3 जवानों को काफी चोटें आई हैं। उनकी हालत बेहद गंभीर थी इसलिए उन्हें श्रीनगर रेफर कर दिया गया है।

**हफ्ते पहले भी हुआ था हादसा**

बता दें कि एक हफ्ते पहले भी ऐसा ही एक हादसा देखने को मिला था, जब सेना का वाहन खाई में पलट गया। इस हादसे में 5 जवानों की मौत हो गई थी और 5 जवान घायल थे। यह हादसा जम्मू कश्मीर के पूंछ में हुआ था।खबरों की मानें तो जम्मू कश्मीर में भारी बर्फबारी और खराब मौसम की वजह से ऐसे हादसे देखने को मिल रहे हैं।

# पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, जिंदा जले 6 लोग

**तमिलनाडु** की एक पटाखा फैक्ट्री में आज भीषण विस्फोट हुआ, जिससे भड़की आग में जिंदा जलकर 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा विरुधुनगर जिले के सत्तूर इलाके में हुआ। फायर ब्रिगेड का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हादसे के वक्त फैक्ट्री में कई लोग काम कर रहे थे, जो आग की चपेट में आए। अभी तक 6 शव बरामद किए जा चुके हैं।

बाकी लोगों की तलाश जारी है, क्योंकि धमाका होने से पूरी फैक्ट्री भरभराकर गिर गई। हादसे की पुष्टि फायर ब्रिगेड अधिकारी ने दी। शक है कि धमाका विस्फोटक केमिकल को मिलाने की प्रक्रिया के दौरान हुआ। फैक्ट्री के जिस कमरे में धमाका हुआ, वह पूरी तरह जलकर राख हो गया। धमाके की आवाजा सुनते ही गांवभर के लोग मौके पर जुट गए।

बता दें कि तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में ही अब से पहले 2 पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट होने से हादसे हो चुके हैं। दोनों हादसों में 12 महिलाओं समेत 14 लोगों की मौत हो गई थी। यह हादसे रंगापलयम इलाके की पटाखों के नमूनों की जांच के दौरान हुए थे। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मृतकों के परिजनों के लिए 3 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए एक लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान किया था।

रंगापलयम की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद मलब से 7 शव मिले थे, जिनकी आज तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं पुलिस जांच में सामने आया है कि विरुधुनगर में बिना लाइसेंस के पटाखा फैक्ट्रियां चल रही हैं। इनमें हादसे होने के बावजूद लोगों ने सबक नहीं लिया है और पुलिस–सरकार भी इन अवैध फैक्ट्रियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती। इसलिए आए दिन इन फैक्ट्रियों में धमाके होने से हादसे हो रही हैं।



# 15 राज्यों में भयंकर बारिश का अलर्ट, कोहरे–बर्फबारी की चेतावनी

**देशभर में** आजकल कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानों में बारिश हो रही है। पहाड़ों से चली रही बर्फीली हवाओं और समुद्र से उठने वाली नमी वाली हवाओं ने शीतलहर चलाई और बारिश करवाई। इससे देश के ज्यादातर राज्यों में तापमान में काफी गिरावट दर्ज हुई है। घने कोहरे से लोगों गलन वाली ठंड सह रहे हैं। दिल्ली–ठडफसमेत उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में 2 दिन से बेहद घना कोहरा छाया है। विजिबिलिटी जीरो होने से जहां लोगों को ड्राइविंग करने में परेशानी हो रही है। वहीं फ्लाइट्स और ट्रेनें लेट हो रही हैं।

**पिछले 24 घंटे देश में मौसमी परिस्थितियां**

बीते 24 घंटे की बात करें तो उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में, दक्षिण पंजाब और दक्षिण हरियाणा में कोल्ड डे की स्थिति बनी रही। तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में शीत लहर चली। छत्तीसगढ़ के अलग–अलग इलाकों में ग्राउंड फॉस्ट रहा। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अधिकांश हिस्सों में बहुत घना कोहरा छाया रहा। उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, जम्मू कश्मीर, उत्तर–पश्चिमी राजस्थान, उत्तर–पश्चिमी मध्य प्रदेश, बिहार, असम, हिमाचल प्रदेश, त्रिपुराए पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश और उत्तर आंतरिक ओडिशा के अलग–अलग हिस्सों में भी 0 से 100 मीटर की विजिबिलिटी के साथ सुबह–शाम घना कोहरा देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 7 दिन में उंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी होने और मैदानी इलाकों में बारिश होने, कोहरा छाने और शीतलहर चलने की संभावना है, क्योंकि पंजाब से सटे पाकिस्तान में एक लो प्रेशर वाला एरिया बना हुआ है। छत्तीसगढ़ में भी एक लो प्रेशर वाला एरिया है। तीसरा बंगाल की खाड़ी और चौथा अरब सागर में बना हुआ है। 10 से 12 जनवरी के बीच उत्तर–पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है, जिससे 10 जनवरी को उत्तर–पश्चिम भारत में हल्की बारिश हो सकती है। मध्य और ऊपरी क्षोभ मंडल में एक ट्रफ के रूप में पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव है। अफगानिस्तान और उसके निचले हिस्से में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन दक्षिण पश्चिम राजस्थान और इससे सटे पाकिस्तान पर स्थित है।

> **मौसम विभाग के अनुसार, अगले 7 दिन में उंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी होने और मैदानी इलाकों में बारिश होने, कोहरा छाने और शीतलहर चलने की संभावना है, क्योंकि पंजाब से सटे पाकिस्तान में एक लो प्रेशर वाला एरिया बना हुआ है। छत्तीसगढ़ में भी एक लो प्रेशर वाला एरिया है। तीसरा बंगाल की खाड़ी और चौथा अरब सागर में बना हुआ है।**

संपादकीय

# अब स्पेस में ही अंतरिक्ष यान बदल सकेगा इंसान

स्पेस टेक्नोलॉजी में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (करफ्ठ) ने नया इतिहास रच दिया है। इसरो ने अपने रस्त्रंञ्जी ढर२४ड्ढल्ल की न सिर्फ सफलतापूर्वक लॉन्चिंग की बल्कि इसे अंतरिक्ष में डॉकिंग कराने में भी कामयाब हासिल की है। अंतरिक्ष में इसरो की ये उड़ान ऐतिहासिक है। इस उड़ान के जरिए इसरो ने अपने ढरछ्र-उ60 रस्त्रंञ्जी मिशन को लॉन्च कर दिया है। इसमें 'डॉकिंग' टेक्निक का खास महत्व है।

> केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने इसरो की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'मुझे ऐसे समय में अंतरिक्ष विभाग से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जब करफ्ठ की टीम एक के बाद एक वैश्विक चमत्कारों से दुनिया को मंत्रमुग्ध कर रही है। भारत अपने स्वदेशी रूप से विकसित 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' के माध्यम से स्पेस डॉकिंग करने वाले देशों की चुनिंदा लीग में शामिल होने वाला सिर्फ चौथा देश है।'

सोमवार रात दस बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी रॉकेट के जरिए इसकी सफल लॉन्चिंग की गई। इसरो की ये लॉन्चिंग कितनी खास है, इसका अंदाजा आप इसरो के दफ्तर में बैठे वैज्ञानिकों के चेहरे पर दिखी खुशी से लगा सकते हैं।

इसरो के वैज्ञानिकों ने इस मिशन को लॉन्च करने के लिए दो उपग्रहों का इस्तेमाल किया है। इनके नाम चेजर और टारगेट है। इनका वजन 220 किलो है। ये मिशन भारत के लिए किसी ऐतिहासिक मौके से कम नहीं है। इस मिशन की कामयाबी से रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया का चौथा ऐसा देश बन गया है, जिसके पास स्पेस में डॉकिंग करने की टेक्नोलॉजी आ गई है।डॉकिंग एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें दो अंतरिक्ष यान पृथ्वी की परिक्रमा करते समय आपस में जुड़ते हैं। रस्त्रंञ्जी का मतलब, स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट है। इस मिशन में पीएसएलवी-सी 60 से छोड़े जाने वाले दो छोटे अंतरिक्ष यान की डॉकिंग की गई है। डॉकिंग का मतलब होता है स्पेस में दो अंतरिक्ष यानों या सैटेलाइट को जोड़ना और अनडॉकिंग का मतलब अंतरिक्ष में रहते हुए इन दोनों को अलग करना है।इसरो चीफ एस. सोमनाथ ने बताया कि डॉकिंग मंगलवार से शुरू होगी और फाइनल डॉकिंग 7 जनवरी तक पूरी होने की उम्मीद है। इसरो के मुताबिक, स्पैडेक्स मिशन का प्राथमिक उद्देश्य दो छोटे अंतरिक्ष यानों रऊ01 और रऊ02 के पृथ्वी की निचली वृत्ताकार कक्षा में मिलन, डॉकिंग और अनडॉकिंग के लिए जरूरी टेक्नोलॉजी का विकास और प्रदर्शन करना है। ये एक ऐसी तकनीक है जिसकी मदद से इंसान को एक अंतरिक्ष यान से दूसरे अंतरिक्ष यान में भेज पाना संभव होता है।

इस मिशन को लॉन्च करने के बाद इन्हें डॉकिंग के जरिए जोड़ने और अनडॉकिंग की प्रॉसेस से अलग-अलग करने का प्रयोग किया जाएगा।

# लैपटॉप और मोबाइल से निकलने वाली ये रोशनी है बेहद खतरनाक

~~स्मार्टफोन और मोबाइल आज के समय~~ में हमारी डेली रूटीन लाइफ का एक अहम हिस्सा बन चुके हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ज्यादातर समय इन डिवाइस के साथ ही बीतता है। मोबाइल और लैपटॉप ने हमारी जिंदगी के कई सारे कामों को बेहद आसान बना दिया है लेकिन इनके भारी नुकसान भी हमें झेलने पड़ते हैं। मोबाइल और लैपटॉप अगर एक सीमित मात्रा से ज्यादा इस्तेमाल किया जाए तो इसका हमारे शरीर पर बुरा असर भी पड़ता है। यही वजह से ज्यादा देर तक इस्तेमाल करने पर हमें माता पिता से डांट भी खानी पड़ जाती है।

लैपटॉप और मोबाइल हमारे कई सारे कामों को आसान तो बनाते हैं लेकिन इनसे निकलने वाली रोशनी हमारे लिए काफी घातक होती है। लैपटॉप और मोबाइल से निकलने वाली ब्लू रेज हमारी आंखों और स्किन को डायरेक्ट प्रभावित करती है और यही वजह है कि अगर हम देर तक इसे इस्तेमाल करते हैं तो इसके बुरे परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

**घातक है इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस की रोशनी :** टेक्नोलॉजी की दुनिया में आज हम हर समय डिजिटल डिवाइस से घिरे रहते हैं। लैपटॉप, मोबाइल और टीवी का रोल काफी ज्यादा बढ़ गया है। आपको बता दें कि इन डिवाइसेस से एक खास तरह की ब्लू रेज निकलती है जिसे हाई इंटेंसिटी विजिबल लाइट (ल्रएश्) कहते हैं। इसे हिंदी में हाई-एनर्जी विजिबल लाइट कहा जाता है। मोबाइल और लैपटॉप से निकलने वाली नीली रोशनी होती है जिसकी वेवलेंथ कम होती है। यह ब्लू रेज विजिबल लाइट स्पेक्ट्रम का हिस्सा होती है। यह ब्लू रेज रोशनी का एक ऐसा हल्का रंग होता है जिसे हम अपनी आंखों से देख सकते हैं। अगर इस नीली रोशनी के संपर्क में ज्यादा देर तर रहा जाए तो इससे आंख को बड़ा नुकसान पहुंच सकता है। आपको बता दें कि ब्लू रेज को लेकर अमेरिका की एक सरकारी संस्था नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की तरफ से एक रिसर्च भी किया गया। इस रिसर्च के मुताबिक ब्लू रेज की वेवलेंथ 400 से लेकर 500 ठट होती है जो कि एक विजिबल लाइट का करीब एक तिहाई होता है। रिसर्च से पता चलता है कि इलेक्ट्रानिक डिवाइस से निकलने वाली डिजाइस के संपर्क में भले ही एक घंटे रहा जाए लेकिन इससे रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीशीज (फ्ढर), एपोप्टोसिस और नेक्रोसिस में बढ़ोतरी हो सकती है। इसकी वजह से आपकी आंखों में रोशनी की समस्या हो सकती है।



रिसर्च में यह भी बताया गया कि ज्यादा देर तक ब्लू रोशनी में रहने से कई दिक्कतें होती हैं। अग एक सबसे आम समस्या का नाम लिया जाए तो वह कंप्यूटर विजन सिंड्रोम का बढ़ना है। इसकी वजह से आंखों में तनाव आना, धुंधली दृष्टि, आंखों का सूजना, सिर दर्द रहना और इसके अलावा गर्दन और गले में दर्द रहना शामिल है। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस से निकलने वाली नीली रोशनी थकान का भी कारण बनती है। कुछ रिसर्च में यह भी सामने आया है कि ब्लू रेज हमारी आंखों के रेटिना को भी प्रभावित करती है जिससे विजन में समस्या आने लगती है।

हमारी स्किन को भी पहुंचता है नुकसान लैपटॉप और मोबाइल से निकलने वाली ब्लू रेज से आंखो को तो नुकसान पहुंचता ही है साथ में यह हमारी स्किन को भी नुकसान पहुंचाती है। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस से निकलने वाली खतरनाक ब्लू रेज हमारी स्किन पर भी अपना असर डालती है। कई सारी रिसर्च में यह सामने आया है कि ब्लू रेज की वजह से हमें स्किन पिगमेंटेशन, एजिंग साइन, स्किन पर रैशेज आना, झुर्रियां होना, स्किन से ग्लो खत्म होना और इसके साथ ही आंखों के नीचे डॉर्क सर्कल सर्किल जैसी समस्या हो सकती हैं।

# लालू की तरह रमेश बिधूड़ी ने भी दे दिया अजब गजब बयान, मचा बवाल तो मांग ली माफी

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव को लेकर बयानबाजी जारी है और आरोप प्रत्यारोप की सियासत भी तेज है। इस बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी को लेकर भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी ने विवादित बयान दे दिया है। उन्होंने कह दिया कि प्रियंका की गालों की तरह दिल्ली की सड़कें बनवाएंगे। उनके इस बयान पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई। इसके बाद अपने बयान पर खेद जताते हुए बीजेपी नेता और पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने माफी मांग ली। उन्होंने कहा कि मेरा मकसद किसी को अपमानित करना नहीं था। इसके साथ ही उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि उनके बयान पर कुछ लोग सियासी फायदा लेने की कोशिश कर रहे हैं।



दिल्ली की कालकाजी विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, ₹किसी संदर्भ में मेरे द्वारा दिये गये बयान पर कुछ लोग गलत धारणा से राजनैतिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर बयान दे रहे है। मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था।

परंतु फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है तो मैं खेद प्रकट करता हू।₹कभी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी पटना की सड़कों को हेमा मालिनी की गाल की तरह बनाने का वादा किया था। बिधूड़ी के बयान ने लालू के मजाकिया अंदाज की याद दिला दी। उस समय भी लालू के इस बयान पर खूब विवाद हुआ था लेकिन लालू यादव अपनी मसखरी के लिए जाने जाते हैं तो हेमा मालिनी ने भी बुरा नहीं माना था।

# पीएम मोदी के आरोपों पर अरविंद केजरीवाल का पलटवार, कहा- 'दिल्ली मेट्रो की लाइन का उद्घाटन उनको करारा जवाब'

**आम आदमी पार्टी** के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पीएम मोदी के आरोपों पर पलटवार किया। केजरीवाल दिल्ली मेट्रो की मैजेंटा लाइन के विस्तार कार्यक्रम में पहुंचे थे। जनकपुरी वेस्ट से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन तक मैजेंटा लाइन का विस्तार हुआ है। इस मौके पर केजरीवाल ने पीएम मोदी और बीजेपी पर निशाना साधा और कहा कि इस मेट्रो लाइन का उद्घाटन उन लोगों को करारा जवाब है, जो कहते हैं कि दिल्ली सरकार दिल्ली से बाहर के लोगों के लिए काम नहीं करती है।



अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी केवल और केवल दिल्ली के लोगों के लिए काम करती है। हमारी पार्टी के शीर्ष नेताओं को जेल भेज दिया। हमलोगों पर इतने अत्याचार किया लेकिन हमने अपने ऊपर अत्याचार को मुद्दा नहीं बनाया। अगर हम अपने ऊपर अत्याचार को दिल पर ले लेते तो आज दिल्ली के मेट्रो की नई लाइन का उद्घाटन नहीं होता। हमने कहा कि ये चाहे जितने अत्याचार कर लें लेकिन दिल्ली के विकास का काम नहीं रुकना चाहिए।

प्रधानमंत्री जी हर रोज दिल्ली के लोगों को गालियां दे रहे हैं, दिल्ली की जनता का अपमान कर रहे हैं। दिल्ली के लोग चुनाव में बीजेपी को इस अपमान का जवाब देंगे।अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में किसानों का मुद्दा भी उठाया और कहा कि बीजेपी ने 2020 में अपने संकल्प पत्र में कई वादे किए थे, जो अब तक पूरे नहीं हुए हैं। केजरीवाल ने यह भी कहा कि दिल्ली आधा राज्य है, जहां आधी सरकार आम आदमी पार्टी की है और आधी सरकार केंद्र की है। उन्होंने आरोप लगाए कि केंद्र सरकार के कारण दिल्ली का विकास रुका हुआ है। उन्होंने कहा कि अगली बार जब पीएम मोदी दिल्ली में बोलें तो उन्हें किसानों के मुद्दे पर भी कुछ बोलना चाहिए।

बिजनेस

# बजट में नई नौकरियों के अवसर बढ़ाने पर होगा जोर

**मुंबई।** केंद्र सरकार देश में नई नौकरियों के अवसर बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। पिछली बजट में इसी दिशा में इंटर्नशिप स्कीम लेकर आई थी। इस बार भी बजट में नई नौकरियों पर जोर रहने की पूरी उम्मीद है। भारतीय उद्योग परिसंघ (उक्क) का भी मानना है कि वित्त वर्ष 2025-26 के आगामी वार्षिक बजट में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए अधिक उपायों की घोषणा की जा सकती है। उद्योग संगठन ने इस बात पर जोर दिया कि युवा आबादी को उत्पादक बनाने और दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में समावेशी वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन महत्वपूर्ण है।




उद्योग निकाय ने भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग करने के लिए 7 सूत्री एजेंडा का सुझाव दिया है, जिसमें अन्य लक्षित उपायों के अलावा एक एकीकृत राष्ट्रीय रोजगार नीति, श्रम-प्रधान क्षेत्रों को समर्थन, तथा एक अंतरराष्ट्रीय परिवहन प्राधिकरण की स्थापना शामिल है। भारत की औसत आयु मात्र 29 वर्ष है। भारत एक युवा देश है, तथा 2050 तक इसकी कार्यशील आयु वर्ग की आबादी में 13.3 करोड़ लोग जुड़ने वाले हैं। सीआईआई ने कहा कि सरकार कॉलेज-शिक्षित युवाओं के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी कार्यालयों में इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करने पर विचार कर सकती है।

इसने तर्क दिया कि यह पहल शिक्षा और व्यावसायिक कौशल के बीच की खाई को पाटते हुए सरकारी कार्यालयों में अल्पकालिक रोजगार के अवसर पैदा करेगी। कार्यक्रम विभिन्न ग्रामीण कार्यक्रमों और सरकारी पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उपलब्ध जनशक्ति संसाधनों को बढ़ाने में भी मदद करेगा। सीआईआई ने नए रोजगार को बढ़ावा देने के लिए आयकर नियम के तहत धारा 80जेजेएए के स्थान पर एक नया प्रावधान शुरू करने का भी प्रस्ताव रखा है। नया प्रावधान सकल कुल आय से अध्याय वीआईए कटौती के रूप में जारी रहना चाहिए, जो करदाता द्वारा रियायती कर व्यवस्था का विकल्प चुनने पर भी उपलब्ध है। इसने एक एकीकृत राष्ट्रीय रोजगार नीति का प्रस्ताव किया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न मंत्रालयों/राज्यों द्वारा वर्तमान में कार्यान्वित की जा रही रोजगार सृजन योजनाओं को शामिल किया जा सकता है। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि रोजगार बढ़ाने के साथ-साथ भारत को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उत्पादकता बढ़े। भारत के वृद्धिशील पूंजी उत्पादन अनुपात (आईसीओआर) को इसके वर्तमान स्तर 4.1 से नीचे लाने की जरूरत है। हमें इसे मापने के लिए मानक स्थापित करने की जरूरत है। वास्तव में, केंद्रीय बजट में इस पर अधिक विस्तार से अध्ययन करने और आगे के उपायों की सिफारिश करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की जा सकती है।

# म्यूचुअल फंड में निवेश से पहले एक्सपेंस रेश्यो का गणित समझें

**म्यूचुअल फंड** स्कीम में निवेश करने वाले अधिकांश निवेशक पिछला रिटर्न को देखते हैं। बहुत ही कम निवेश किसी म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश से पहले उस फंड का एक्सपेंस रेश्यो देखते हैं, जबकि इसका सीधा असर? मिलने वाले रिटर्न पर पड़ता है। सरल शब्दों में समझें तो कम एक्सपेंस रेश्यो का मतलब होता है ज्यादा मुनाफा और ज्यादा एक्सपेंस रेश्यो घाटे का सौदा होता है। आखिर क्या होता है एक्सपेंस रेश्यो और कैसे इसका अधिक होना निवेशकों के लिए घाटे का सौदा है, आइए समझते हैं।

**एक्सपेंस रेश्यो क्या होता है?**

एक्सपेंस रेश्यो वह सालाना शुल्क है जो म्यूचुअल फंड अपने निवेशकों से लेते हैं, जिसकी गणना फंड की कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों (एयूएम) के प्रतिशत के रूप में की जाती है। यह शुल्क प्रबंधन, प्रशासनिक और परिचालन व्यय सहित विभिन्न लागतों के लिए निवेशकों से लिया जाता है।

**रिटर्न पर कैसे होता है असर?**

एक्सपेंस रेश्यो का आपके म्यूचुअल फंड निवेश से मिलने वाले रिटर्न पर सीधा प्रभाव पड़ता है। हाई एक्सपेंस रेश्यो आपको दिए जाने वाले शुद्ध रिटर्न को कम करता है, जिसका अर्थ है कि फंड की कमाई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा इसकी लागतों को कवर करने में चला जाता है। समय के साथ, एक्सपेंस रेश्यो में एक छोटा सा अंतर भी आपके निवेश की वृद्धि को काफी हद तक प्रभावित कर सकता है। म्यूचुअल फंड का मूल्यांकन करते समय, समान फंड के एक्सपेंस रेश्यो की तुलना करना आवश्यक है। कम एक्सपेंस रेश्यो को आम तौर पर प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि वे फंड के रिटर्न का ज़्यादा हिस्सा निवेशक के पास रहने देते हैं। हालांकि, सुनिश्चित करें कि कम लागत की तलाश में फंड की प्रबंधन गुणवत्ता और सेवाओं से समझौता न किया जाए।




# क्यों आ रही है हमारे विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट, कितना जरूरी है इसका भरे रहना?

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर पिछले कुछ समय से अच्छी खबर सामने नहीं आ रही है। हमारा विदेशी मुद्रा भंडार 27 दिसंबर को खत्म हुए हफ्ते में 4.11 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 640.28 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। यह लगातार चौथा हफ्ता है, जब फॉरेक्स रिजर्व में गिरावट आई है। मौजूदा गिरावट के साथ ही हमारा ये भंडार करीब 8 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया है।रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (फ्इक) के आंकड़े बताते हैं कि 27 सितंबर को खत्म हुए हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा रिजर्व 705 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर था, लेकिन उसके बाद से इसमें नरमी का माहौल बना हुआ है। इसी तरह, 27 दिसंबर को खत्म हुए सप्ताह में फॉरेन करंसी एसेट्स भी गिरकर 551.9 अरब डॉलर पर आ गया। जबकि, गोल्ड रिजर्व 54.1 करोड़ डॉलर की बढ़त के साथ 66.268 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ हफ्तों से जारी गिरावट की वजह है फ्इक द्वारा डॉलर के मुकाबले गिरते रुपये को संभालने की कोशिश। जब रुपया लगातार कमजोर होता जाता है, तो रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा भंडार में हस्तक्षेप करता है। पिछले साल अक्टूबर में फ्इक ने स्पॉट विदेशी मुद्रा बाजार में 9.28 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री की थी, ताकि एक्सचेंज रेट में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोका जा सके। उस समय रुपया डॉलर के मुकाबले 83.79 के लेवल पर था और अब यह लुढ़ककर 85.77 पर पहुंच गया है। ऐसे में फ्इक पर रुपये की सेहत को दुरुस्त करने का अत्यधिक दबाव है।

विदेशी मुद्रा भंडार को देश की आर्थिक सेहत का मीटर कहा जाता है। इस भंडार का भरा रहने हर देश के लिए जरूरी है। विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी करेंसी, गोल्ड रिजर्व, स्पेशल ड्रॉइंग राइट (रङ्कफ), अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (क्टा) के पास जमा राशि और ट्रेजरी बिल्स आदि आते हैं और इन्हें केंद्रीय बैंक संभालती है। केंद्रीय बैंक का काम पेमेंट बैलेंस की निगरानी करना, मुद्रा की विदेशी विनिमय दर पर नजर रखना और वित्तीय बाजार में स्थिरता बनाए रखना है। विदेशी मुद्रा भंडार में दूसरे देशों की मुद्राएं शामिल होती हैं, लेकिन ज्यादातर विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा अमेरिकी डॉलर के रूप में होता है।



दुनिया के अधिकतर देश अपना विदेशी मुद्रा भंडार डॉलर में रखना पसंद करते हैं, क्योंकि अधिकांश व्यापार वरऊ में ही होता है। हालांकि, इसमें सीमित संख्या में ब्रिटिश पाउंड, यूरो और जापानी येन भी हो सकते हैं। विदेशी मुद्रा भंडार के भरे रहने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि भी निखरती है, क्योंकि उस स्थिति में व्यापारिक साझेदार देश अपने भुगतान के बारे में सुनिश्चित रह सकते हैं। इस भंडार का इस्तेमाल देश की देनदारियों को पूरा करने के साथ ही कई दूसरे महत्वपूर्ण कामों में किया जाता है।

विदेशी मुद्रा भंडार के लगातार कम होने से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जैसे कि इससे देश की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ता है, देश के लिए आयात बिल का भुगतान करना मुश्किल हो सकता है। जबकि इस भंडार के भरे रहने से सरकार और आरबीआई किसी भी वित्तीय संकट से निपटने में सक्षम हो जाते हैं। बता दें कि फ्इक विदेशी मुद्रा भंडार के कस्टोडियन या मैनेजर के रूप में काम करता है। उसे सरकार से साथ मिलकर तैयार किए गए पॉलिसी फ्रेमवर्क के अनुसार ही काम करना होता है।

सब का सपना

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा आर्यावर्त प्रिंटर्स सौम्या सदन गोकुल बिहार, अमरोहा उत्तर प्रदेश 244221 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

**संपादक : अनुज कुमार**
R.N.I. No. : UPHIN/2023/86483
**मोबाइल नंबर**
9456884327
E-Mail :-
Officialsabkasapna@gmail.com
www.sabkasapna.com

**नोट-** समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।

# जसप्रीत बुमराह का एक और बड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली**

जसप्रीत बुमराह का ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर इस बार जिस तरह का प्रदर्शन देखने को मिला वैसा अब तक किसी भी भारतीय खिलाड़ी ने नहीं किया था। बुमराह का खौफ पूरी टेस्ट सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स में साफतौर पर देखने को मिला।

बुमराह ने 5 टेस्ट मैचों में सिर्फ 13.06 के औसत से कुल 32 विकेट अपने नाम किए। इस दौरान बुमराह ने लगातार कई नए रिकॉर्ड भी बनाने का काम किया, लेकिन सिडनी में खेले गए सीरीज के आखिरी टेस्ट मुकाबले में गेंदबाजी के दौरान वह अनफिट हो गए जिसके चलते मैच की आखिरी पारी में उन्होंने गेंदबाजी नहीं की। बुमराह को इस दौरे पर उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द अवॉर्ड भी मिला, जिसके साथ ही उन्होंने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया जो इससे पहले कोई भी भारतीय खिलाड़ी बनाने में कामयाब नहीं हो सका था।



तीन अलग–अलग रएठअ देशों में प्लेयर ऑफ द अवॉर्ड जीतने वाले बुमराह बने पहले भारतीय खिलाड़ी

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भले ही भारत के खिलाफ इस 5 मैचों की टेस्ट सीरीज को 3–1 से अपने नाम किया लेकिन इस सीरीज में सबसे ज्यादा चर्चा जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी की देखने को मिली जिसमें वह अब पहले ऐसे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने तीन अलग–अलग रएठअ देशों में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड को अपने नाम किया है। बुमराह ने साल 2021 में इंग्लैंड के दौरे पर जहां पहली बार इसे जीता था तो वहीं साल 2024 में साउथ अफ्रीका के दौरे पर इस अवॉर्ड को जीतने में कामयाब हुए थे, वहीं अब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भी प्लेयर ऑफ द सीरीज के अवॉर्ड को अपने नाम किया है। अब सिर्फ रएठअ देशों में शामिल न्यूजीलैंड में बुमराह का प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीतना बाकी है।

बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2024–25 के लिए जब जसप्रीत बुमराह ने प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड जीता तो वह चौथे ऐसे भारतीय खिलाड़ी बने जो ऑस्ट्रेलिया में ये कारनामा करने में कामयाब हो सके। इससे पहले सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और चेतेश्वर पुजारा इस अवॉर्ड को ऑस्ट्रेलिया में जीत चुके हैं।बुमराह का खौफ पूरी टेस्ट सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स में साफतौर पर देखने को मिला।



## भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अटीम इंडिया की शर्मनाक हार से सिडनी में बना महाकीर्तिमान

**नई दिल्ली**

टीम इंडिया को आखिरकार टॉप आर्डर में फेल हो रहे बल्लेबाजों का खामियाजा सीरीज गंवाने के रुप में भुगतना पड़ा। भारतीय टीम सिडनी में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट में 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (हळ्ठ) के फाइनल से बाहर हो गई जबकि ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ 10 साल बाद बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 3–1 से जीतकर हळ्ठ फाइनल में अपनी जगह पक्की की। अब डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में खेले जाने वाले हळ्ठ फाइनल में साउथ अफ्रीका की टीम से सामना होगा।

**बुमराह दूसरी पारी में नहीं कर सके गेंदबाजी :** टीम इंडिया ने पर्थ टेस्ट में जीत के साथ साथ बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2024–25 में धमाकेदार आगाज किया था लेकिन फिर अगले 4 मुकाबलों में मेहमान टीम 3 मैच हार गई। एडिलेड, मेलबर्न और सिडनी में टीम इंडिया को हार मिली जबकि गाबा में खेला गया टेस्ट ड्रॉ हुआ। टीम इंडिया के पास सिडनी टेस्ट में वापसी का शानदार मौका था क्योंकि पहली पारी के आधार पर टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया पर बढ़त बना ली थी लेकिन दूसरे दिन पहले सेशन के बाद इंजरी के चलते स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह मैदान से बाहर चले गए। इससे टीम इंडिया की गेंदबाजी बैकफुट पर चली गई जिसका फायदा उठाते हुए ऑस्ट्रेलिया ने लगभग ढ़ाई दिन के भीतर ही सिडनी टेस्ट अपने नाम कर लिया। इस मैच में लगभग 190 ओवर फेंके गए।

सिडनी टेस्ट दिन और गेंदों के लिहाज से बेहद छोटा टेस्ट मैच साबित हुआ। इस टेस्ट मैच में कुल 1141 गेंदें फेंकी गईं, जिससे यह 1896 के बाद से रउँ पर सबसे छोटा टेस्ट बन गया। इससे पहले सिडनी में 1894/95 में टेस्ट मैच खेला गया था जो महज 911 गेंदों में खत्म हो गया था। वहीं, 1887/88 में सिडनी में खेले गए टेस्ट मैच में 1129 गेंदें फेंकी गई थी।

## सुमित नागल ऑकलैंड में मुख्य ड्रॉ में पहुंचे

**नई दिल्ली**

टेनिस में भारत के लिए साल 2024 कुछ खास बेहतर नहीं रहा था, लेकिन नए साल की शुरुआत होने के साथ देश के नंबर–1 पुरुष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने काफी शानदार शुरुआत की है जिसमें उन्होंने 5 जनवरी को अपने से बेहतर रैंकिंग वाले फ्रांस के खिलाड़ी एड्रियन मनारिनो को सीधे सेटों में मात देने के साथ एटीपी 250 टूर्नामेंट एएसबी क्लासिक के मुख्य ड्रॉ के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया है। सुमित अभी वर्ल्ड टेनिस रैंकिंग में 98वीं रैंकिंग में हैं ऐसे में उनका ये प्रदर्शन काफी अच्छी शुरुआत मानी जा सकती है।

सुमित नागल का फ्रांस के खिलाड़ी एड्रियन मनारिनो के खिलाफ मुकाबला काफी अहम था क्योंकि उन्हें ऑकलैंड मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह बनाने के लिए उन्हें इस मैच को जीतना जरूरी था। सुमित ने फ्रांस के मनारिनो को पहले सेट में 7–6 से मात दी तो वहीं दूसरे सेट में भी उन्होंने अपने इस शानदार खेल को जारी रखते



हुए मनारिनो को किसी तरह से भी वापसी का मौका नहीं दिया और 6–3 से जीत हासिल करने के साथ मुख्य ड्रॉ के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया। सुमित की वर्ल्ड रैंकिंग जहां 98 है तो वहीं फ्रांस के एड्रियन मनारिनो अभी 66वें नंबर पर हैं ऐसे में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ी को मात देने के चलते सुमित ये कमाल करने में कामयाब हुए।भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल के लिए साल 2024 किसी बुरे सपने से कम साबित नहीं हुआ था जिसमें वह एक तरफ जहां वह खराब फॉर्म से जूझ रहे थे तो वहीं रैंकिंग में टॉप–100 से बाहर हो गए थे।

## बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी हारने पर छलका कप्तान बुमराह का दर्द, चोट को लेकर क्या कहा?

**नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया दौरा करारी शिकस्त के साथ समाप्त हो गया। लगभग 2 महीने तक खेली गई बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2024–25 सीरीज में भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1–3 से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। पर्थ टेस्ट को छोड़ दें, तो इस पूरी सीरीज में भारतीय बल्लेबाजी बुरी तरह फेल नजर आई। गेंदबाजी में भी सिर्फ जसप्रीत बुमराह इकलौते ऐसे गेंदबाज रहे जिन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को डराकर रखा। हालांकि बुमराह अकेले अपने दम पर टीम इंडिया को जीत नहीं दिला सके लेकिन फिर भी उन्होंने 5 मैचों की इस सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने का बड़ा कारनामा किया। वह ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा 32 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने। उन्हें इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड से नवाजा गया। सिडनी टेस्ट में पहले 2 दिन तक कांटे का मुकाबला रहा लेकिन फिर जसप्रीत बुमराह के बीच मैच से बाहर होने के कारण टीम इंडिया की गेंदबाजी कमजोर पड़ गई। बुमराह को स्कैन के लिए अस्पताल जाना पड़ा। इसके बाद वह तीसरे दिन गेंदबाजी करने नहीं उतर सके। इसका खामियाजा टीम इंडिया को हार के रुप में भुगतना पड़ा। इस हार से कप्तान बुमराह काफी निराश हैं। हमारी टीम में एक गेंदबाज कम था और अन्य गेंदबाजों को अतिरिक्त जिम्मेदारी लेनी थी और इसी के इर्द गिर्द हमारी चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया इस सीरीज में गेम में बने हुई थी, एकतरफा मैच हारे।

## जरूरी खबरें

### भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए आयरलैंड ने किया टीम का ऐलान



भारतीय महिला टीम ने साल 2024 के आखिर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घर पर लिमिटेड ओवर्स फॉर्मेट की सीरीज खेली थी, जिसमें टीम का काफी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला था। वहीं अब वह नए साल की शुरुआत होने के साथ 10 जनवरी से आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी।

इस सीरीज के सभी मुकाबले राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के स्टेडियम में खेले जाएंगे। आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है, जिसमें कप्तान की जिम्मेदारी अनुभवी खिलाड़ी गैबी लुईस संभालते हुए दिखाई देंगी तो वहीं उपकप्तानी की जिम्मेदारी बेहतरीन ऑलराउंडर खिलाड़ी ओर्ला प्रेंडरगैस्ट को सौंपी गई है। आयरलैंड की भारत महिला टीम के खिलाफ घोषित हुई तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए स्क्वाड में हुए बदलाव को लेकर बात की जाए तो उसमें उनकी स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज एमी हंटर अनफिट होने की वजह से इस सीरीज का हिस्सा नहीं है और उनकी जगह पर 20 साल की खिलाड़ी जोआना लौघ्रन को शामिल किया गया है। बता दें कि लौघ्रन ने साल 2024 फरवरी महीने में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था लेकिन हाल में हुए बांग्लादेश दौरे पर वह टीम का हिस्सा नहीं थी। वहीं इसके अलावा ऐलिस टेक्टर भी भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए स्क्वाड का हिस्सा नहीं हैं क्योंकि अभी वह अपनी इंजरी से पूरी तरह उबर नहीं पाई हैं।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में ऋषभ पंत का करिश्मा, पहले नंबर पर पहुंचे; इस बल्लेबाज की कर ली बराबरी



भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट में अच्छी बल्लेबाजी की है। उन्होंने पहली पारी में 40 रन और दूसरी पारी में कुल 61 रन बनाए। पंत टेस्ट क्रिकेट में भी तेजी के साथ रन बनाने के लिए जाने जाते हैं और एक बार वह क्रीज पर सेट हो गए, तो उसके बाद फिर बड़ी पारी खेलते हैं। अब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक लगाते ही दो बड़े रिकॉर्ड बनाए हैं। ऋषभ पंत ने दूसरी पारी में तेजी के साथ रन बनाए और आक्रमक स्ट्रोक खेले। उन्होंने सिर्फ 33 गेंदों में ही 61 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और चार छक्के शामिल थे। अर्धशतक लगाते ही वह हळ्ठ में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले भारतीय प्लेयर बन गए हैं और रोहित शर्मा के बराबर पहुंच गए हैं। दोनों ही भारतीय बललेबाजों ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियशिप में 17–17 बार फिफ्टी प्लस स्कोर बनाया है। अपनी पारी में चार छक्के लगाते ही ऋषभ पंत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं और उन्होंने रोहित शर्मा की बराबरी कर ली है। दोनों ही प्लेयर्स ने हळ्ठ में कुल 56–56 छक्के जड़े हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में इन दोनों से ज्यादा छक्के सिर्फ बेन स्टोक्स ने लगाए हैं। उनके नाम पर 83 छक्के दर्ज हैं।

**वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाजः**

**ऋषभ पंत– 56 छक्के**
**रोहित शर्मा– 56 छक्के**
**यशस्वी जायसवाल– 39 छक्के**
**शुभमन गिल– 31 छक्के**
**रवींद्र जडेजा– 29 छक्के**

# विराट कोहली पर बुरी तरह भड़का पूर्व क्रिकेटर

**नई दिल्ली**

बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2024–25 का 5वां और आखिरी टेस्ट मैच सिडनी में खेला गया। इस मैच में हार के साथ ही टीम इंडिया का वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप यानी हळ्ठ 2023–25 में सफर समाप्त हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया को 3–1 से करारी शिकस्त दी। इस पूरी सीरीज में भारतीय बल्लेबाजी बुरी तरह फ्लॉप रही। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। इनमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे बड़े नाम भी शामिल थे। कोहली ने भले ही पहले टेस्ट में शतक जमाया लेकिन उसके बाद उनका बल्ला शांत हो गया। कोहली ने इस सीरीज के 5 टेस्ट मैचों की 9 पारियों में 23.75 के औसत से सिर्फ 190 रन बनाए। इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर ने विराट कोहली को टीम से बाहर करने की बात कही है और टीम इंडिया में सुपरस्टार क्लचर को भी खत्म करने की वकालत की है।

पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने स्टार स्पोटर्स से कहा कि टीम में



सुपरस्टार कल्चर खत्म होना चाहिए, टीम कल्चर की जरूरत है। आपको प्रदर्शन में सुधार करना होगा, अपने और टीम के। इस सीरीज से पहले भी मैच थे और उनके पास घरेलू क्रिकेट खेलने का मौका था लेकिन उन्होंने नहीं खेला। इस कल्चर को बदलना होगा।पठान ने कहा कि विराट कोहली ने आखिरी बार घरेलू क्रिकेट कब खेला था। एक दशक से भी पहले। उन्होंने कहा कि कोहली की जगह किसी युवा को मौका देना चाहिये क्योंकि पिछले पांच साल में पहली पारी में उनका औसत 30 से भी कम का रहा है। उन्होंने कहा कि पहली पारी में 2024 में विराट कोहली का औसत 15 रहा है। पिछले पांच साल में 30 भी नहीं रहा। क्या ऐसे सीनियर भारतीय टीम में होने चाहिए। इसकी बजाय तो किसी युवा को मौका देना चाहिये जो 25.30 की औसत दे ही देगा।पठान ने कहा कि जब हम कोहली की बात करते हैं तो उसने भारत के लिये बहुत कुछ किया है। बहुत सारे अच्छे प्रदर्शन लेकिन बार बार एक ही गलती पर आउट हो रहे हैं। आप इस तकनीकी गलती को सुधारने का प्रयास ही नहीं कर रहे। सनी सर (गावस्कर) यहां है। उनसे या किसी और से बात करने में कितना समय लगता है।



### विराट कोहली को दोबारा टेस्ट कप्तान बनाने की उठी मांग, सोशल मीडिया पर फैंस ने दिए ऐसे रिएक्शंस

**भारत और** ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी मुकाबला सिडनी के मैदान पर खेला जाएगा। इस मैच के दूसरे दिन भारतीय टीम को तगड़ा झटका लगा है। जब बीच मैच में स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह मैदान से बाहर चले गए। इसके बाद वह टीम इंडिया के मेडिकल स्टाफ के साथ स्कैन के लिए स्टेडियम के बाहर जाते नजर आए। जो वीडियो सामने आया है। उसमें वह कार में बैठते हुए दिखाई दे रहे हैं। बुमराह के बाहर जाने के बाद कप्तान की जिम्मेदारी संभाली विराट कोहली ने।

कोहली ने की शानदार गेंदबाजी

जसप्रीत बुमराह ने जब मैदान छोड़ा था। तब ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट के नुकसान पर 111 रन बना लिए थे। इसके बाद विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम के गेंदबाजों ने अच्छी बॉलिंग की और ऑस्ट्रेलियाई टीम को 181 रनों पर ही रोक दिया। कोहली ने गेंदबाजी में बेहतरीन तरीके से बदलाव किया और फील्डिंग भी अच्छे से सेट की।जसप्रीत बुमराह की जगह विराट कोहली के कप्तानी संभालते ही फैंस ने सोशल मीडिया पर अपने रिएक्शंस दिए हैं। एक फैन ने कोहली की तारीफ में लिखा है कि विराट को टेस्ट कप्तान के रूप में वापस लाएं और हमें एक बार फिर अच्छा करते देखें। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है कि वह कोहली हैं, उन्हें विकेट लेने के लिए बुमराह की जरूरत नहीं है। सबसे महान टेस्ट कप्तान। वहीं एक तीसरे फैन ने एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि मोहम्मद सिराज, नितीश रेड्डी, प्रसिद्ध कृष्णा विराट कोहली की कप्तानी में।

# विदेश



## अमेरिका में भीषण हिमपात के बाद कड़ाके की ठंड

**वाशिंगटनः** अमेरिका में भीषण हिमपात के चलते कड़ाके की ठंड पड़ रही है। आगे एक दशक से भी अधिक समय में सबसे बड़ा शीतकालीन तूफान आने के खतरे ने लोगों के होश उड़ा दिए हैं। इसे लेकर अमेरिका के अधिकांश हिस्सों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। मौसम के पूर्वानुमानकर्ताओं के अनुसार आर्कटिका के चारों ओर घूमने वाली ठंडी हवा का एक ध्रुवीय भंवर इस विकराम मौसम की स्थिति का कारण है। अमेरिका के रिहाइशी इलाकों से लेकर आवागमन के मार्गों पर भीषण बर्फबारी और ठंड हवाओं ने लोगों के रोंगटे खड़े कर दिए हैं।

अब लाखों अमेरिकी शक्तिशाली शीतकालीन तूफान की आहट से दहशत में हैं। चेतावनी दी गई है कि यह मौसम सबसे भारी बर्फबारी और सबसे ठंडे तापमान के साथ बड़े बर्फ़ीले तूफ़ान ला सकता है। राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यूएस) के अनुसार यह शक्तिशाली तूफान संयुक्त राज्य अमेरिका के मध्य में शुरू हो चुका है, जो अगले कुछ दिनों में पूर्व की ओर बढ़ेगा। 60 मिलियन से अधिक लोग इस तूफान की चपेट में आ सकते हैं। यह तूफान सोमवार तक अमेरिका के पूर्वी हिस्से को आर्कटिक हवा की गहरी ठंड में डुबो देगा। यह देखते हुए

> आगे एक दशक से भी अधिक समय में सबसे बड़ा शीतकालीन तूफान आने के खतरे ने लोगों के होश उड़ा दिए हैं। इसे लेकर अमेरिका के अधिकांश हिस्सों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। मौसम के पूर्वानुमानकर्ताओं के अनुसार आर्कटिका के चारों ओर घूमने वाली ठंडी हवा का एक ध्रुवीय भंवर इस विकराम मौसम की स्थिति का कारण है।

एनडब्ल्यूएस ने केंद्रीय मैदानी इलाकों से मध्य अटलांटिक राज्यों में बर्फ, बर्फबारी और तूफानी हवाओं की चेतावनी दी है।

अमेरिकी मौसम विभाग ने पश्चिमी कैनसस से मैरीलैंड, डेलावेयर और वर्जीनिया के तटीय राज्यों तक शीतकालीन तूफान की चेतावनी जारी की गई है, जो असामान्य रूप से 1,500 मील (2,400 किलोमीटर) का क्षेत्र को तत्काल खतरे में डाल रहा है। एनडब्ल्यूएस ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा, ₹विघटनकारी शीतकालीन तूफान सोमवार तक केंद्रीय मैदानों से लेकर मध्य-अटलांटिक तक बड़े पैमाने पर भारी बर्फबारी की वजह बन सकता है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि उत्तरपूर्वी कैनसस से लेकर उत्तर-मध्य मिसौरी तक के इलाकों में एक दशक में सबसे भारी बर्फबारी₹ होगी।

राष्ट्रीय समुद्री और वायुमंडलीय प्रशासन ने कहा अमेरिका के कई इलाकों में एक दशक की सबसे बड़ी बर्फबारी और तूफान देखने को मिल सकता है। अू४हींՇ१ के भविष्यवक्ता डैन डीपोडविन ने कहा, ₹यह 2011 के बाद से अमेरिका के लिए सबसे ठंडी जनवरी हो सकती है।₹ उन्होंने कहा कि ₹ऐतिहासिक औसत से काफी नीचे तापमान₹ एक सप्ताह तक बना रह सकता है। जेट स्ट्रीम के दक्षिण की ओर गोता लगाने के साथ, कुछ स्थानों पर तापमान शून्य डिग्री फ़ारेनहाइट (−18 सेल्सियस) से नीचे गिरने की उम्मीद है, जबकि तेज़ हवा के झोंके खतरों को बढ़ा देंगे। अमेरिकी खाड़ी तट तक पारा सामान्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिर सकता है। एनडब्ल्यूएस का पूर्वानुमान है कि निचली मिसिसिपी घाटी में भयंकर तूफान आ सकता है।

## बांग्लादेश ने और बढ़ाई भारत से दुश्मनी, यूनुस सरकार ने अब उठाया एक और तनावपूर्ण कदम



**ढाकाः** बांग्लादेश ने अपने एक ताजा फैसले से भारत के साथ दुश्मनी और बढ़ा लिया है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने रविवार को एक पूर्व अधिसूचना को निरस्त करते हुए भारत में 50 न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों के लिए प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम को रद्द कर दिया। इससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ना तय माना जा रहा है। बांग्लादेश के विधि मंत्रालय के प्रवक्ता ने विस्तृत विवरण दिये बिना बताया, ''अधिसूचना रद्द कर दी गई है।''

समाचार पत्र 'डेली स्टार' की खबर के अनुसार बांग्लादेश के उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। सरकारी बांग्लादेश संबाद संस्था ने एक दिन पहले यह खबर दी थी कि जिसमें कहा गया था कि निचली अदालतों के 50 न्यायाधीश 10 फरवरी से मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी और राज्य न्यायिक अकादमी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित प्रशिक्षु न्यायाधीशों में जिला एवं सत्र न्यायाधीश या इसके समकक्ष अधिकारी, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, संयुक्त जिला न्यायाधीश, वरिष्ठ सहायक न्यायाधीश और सहायक न्यायाधीश शामिल थे।<

भारत सरकार को प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सारा खर्च वहन करना था। भारत और बांग्लादेश के बीच तब से तनावपूर्ण संबंध रहे हैं, जब अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना पिछले साल पांच अगस्त को छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े पैमाने पर आंदोलन के बाद नई दिल्ली चली गई थीं, जिससे उनकी अवामी लीग की 16 साल लंबी सरकार गिर गई थी। आठ अगस्त को मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से हिंदू समुदाय के सदस्यों और उनके पूजा स्थलों लगातार हमले हुए हैं। भारत ने पहले ही इन हमलों के संबंध में बांग्लादेश के समक्ष चिंता व्यक्त की है, खासकर तब जब पिछले महीने एक हिंदू संत को राजद्रोह के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## बलूचिस्तान भी बना इस्लामाबाद का काल, दक्षिण पाकिस्तान को धमाके से दहलाया



**कराचीः** तालिबान के बाद अब बलूचिस्तान भी पाकिस्तान का काल बन गया है। बलूचिस्तान ने भी पाकिस्तान पर हमले करना शुरू कर दिया है। शनिवार को दक्षिण पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक यात्री बस को निशाना बनाकर जोरदार धमाका किया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। इस धमाके से पूरा दक्षिण पाकिस्तान दहल गया।

पाकिस्तान के अधिकारियों ने बताया कि अलगाववादियों ने जिस बस को धमाके में उड़ाया है, वह कराची से तुर्बत जा रही थी। मगर बस जब न्यू बहमन क्षेत्र में पहुंची थी, तभी एक आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की चपेट में आ गई। उन्होंने बताया कि चार शवों और 32 घायलों को निकटतम अस्पताल ले जाया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, ₹धमाके की वजह का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।बीएलए ने ली धमाके की जिम्मेदारी

हाल ही में तालिबान और पाकिस्तान के बीच जंग तेज हुई है। इसके बाद अब बलूचिस्तान ने भी पाकिस्तान पर हमला करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जोहैब मोहसिन और उनका परिवार भी सवार था। ऐसे में संभव है कि बीएलए उन्हें निशाना बनाकर धमाका किया। बीएलए ने धमाके की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि उसने एक सैन्य काफिले को निशाना बनाया।



## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज दुनिया की सबसे उम्रदराज जापानी महिला का निधन

**टोकियोः** जापान में दुनिया की सबसे बुजुर्ग महिला का निधन हो गया है। यह महिला गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा चुकी थी। मगर जापान के अधिकारियों ने बताया कि दुनिया की सबसे अधिक उम्र वाली महिला टोमिको इटूका का निधन हो गया है। मौत के समय उनकी आयु 116 साल थी।अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' के अनुसार, जापान की निवासी इटूका दुनिया की सबसे बुजुर्ग महिला थीं। वृद्धावस्था नीतियों के प्रभारी अधिकारी योशित्सुगु नगाटा ने बताया कि इटूका का निधन 29 दिसंबर को मध्य जापान के ह्योगो प्रांत के आशिया स्थित एक देखभाल गृह में हुआ। इटूका का जन्म 23 मई 1908 को हुआ था। पिछले साल 117 वर्षीय मारिया ब्रान्यास की मृत्यु के बाद वह सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बन गई थीं। नगाटा ने बताया कि ओसाका में जन्मी इटूका हाई स्कूल में वॉलीबॉल खिलाड़ी थीं। उन्होंने 3,067 मीटर (10,062 फुट) ऊंचे माउंट ओनटेक पर दो बार चढ़ाई की। 20 साल की उम्र में उनकी शादी हुई और उनकी दो बेटियां और दो बेटे थे। उन्होंने बताया कि 1979 में पति की मृत्यु के बाद इटूका नारा में अकेली रहती थीं।

## चीन के बाजार में लगी भीषण आग, 8 लोग जिंदा जले

शंघाईः चीन के उत्तरी प्रांत हेबेई की बाजार में भीषण आग लगने से 8 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई है। जबकि दर्जन भर से ज्यादा लोगों के घायल होने की सूचना है। आग इतनी भयानक थी कि पूरे शहर के ऊपर देखते ही देखते धुएं का काला गुबार छा गया।

बताया जा रहा है कि यह हादसा चीन के एक सब्जी बाजार में हुआ, जहां आग आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। चीनी मीडिया में यह जानकारी दी गई है। चीनी मीडिया ने अधिकारियों के हवाले कहा है कि यह आग शनिवार को झांगजियाकौ शहर में लगी थी। सुबह लगभग 8:40 बजे आग लगने की जानकारी मिली थी। इसके करीब एक घंटे बाद ही इसे कड़ी मशक्कत के बाद बुझा दिया गया। अब आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। चीन में अन्य मीडिया द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में शहर के किआओक्सी जिले के बाजार में धुएं का विशाल काला गुब्बार दिखाई दे रहा है, साथ ही बड़ी लपटें भी दिख रही हैं।

## अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में भारत का जलवा, पहली बार भारतीय मूल के 6 सदस्यों ने ली शपथ

**वाशिंगटनः** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में भारतीय मूल के 6 सदस्यों से शपथ ग्रहण कर फिर एक बार भारत को गौरवान्वित किया है। शुक्रवार को इन 6 भारतीय-अमेरिकी नेताओं ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सदस्य के रूप में शपथ लेकर देश के गौरव को कई गुना बढ़ा दिया। ऐसा पहली बार हुआ है, जब एक साथ इतनी बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकियों ने प्रतिनिधि सभा के सदस्य के रूप शपथ ली है। इनमें डॉ.अमी बेरी, सुहास सुब्रमण्यन, श्री थानेदार, रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति और प्रमिला जयपाल शामिल हैं।

> 'कांग्रेस में अभूतपूर्व विश्वासमत प्राप्त करने के लिए स्पीकर माइक जॉनसन को बधाई। माइक एक बेहतरीन स्पीकर होंगे जिससे हमारे देश को लाभ होगा।'' जॉनसन ने चुनाव जीतने के बाद कहा, ''यह मेरे लिए सम्मान की बात है। यह हमारे इतिहास का एक महत्वपूर्ण समय है।'' इसके तुरंत बाद उन्होंने 119वीं कांग्रेस के सदस्यों को शपथ दिलाई।

सांसद डॉ.अमी बेरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''जब 12 साल पहले मैंने पहली बार शपथ ली थी तब मैं भारतीय-अमेरिकी समुदाय का एकमात्र सांसद था और अमेरिकी इतिहास में तीसरा। अब हम छह हैं। मुझे उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में अमेरिकी संसद में हमारे समुदाय के लोगों की संख्या बढ़ेगी।'' बेरा ने कैलिफोर्निया से प्रतिनिधि के रूप में लगातार सातवीं बार शपथ ली है। उन्होंने सभी छह भारतीय-अमेरिकी सांसदों की एक तस्वीर भी पोस्ट की। प्रतिनिधि सभा के सदस्य के तौर पर सुहास सुब्रमण्यन ने पहली बार शपथ ली। सुब्रमण्यन ने अपने परिवार और 'हाउस स्पीकर' माइक जॉनसन के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, ''काम का पहला दिन। अमेरिकी संसद में शपथ लेने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।'' वहीं खन्ना, कृष्णमूर्ति और जयपाल तीनों ने लगातार पांचवीं बार शपथ ली है। माइक जॉनसन फिर चुने गए स्पीकर रिपब्लिकन पार्टी के नेता और सांसद माइक जॉनसन शुक्रवार को तीन मतों के मामूली अंतर की जीत के साथ अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के फिर से स्पीकर चुन लिए गए। रिपब्लिकन पार्टी के पास सदन में 219 सीट हैं, जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 215 सीट हैं। लुइसियाना के चौथे 'कांग्रेशनल डिस्ट्रिक्ट' का प्रतिनिधित्व करने वाले 52 वर्षीय जॉनसन को 218 वोट मिले, जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी के हकीम जेफ्रीज को 215 वोट मिले।नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जॉनसन को दोबारा स्पीकर चुने जाने पर बधाई दी।''कांग्रेस में अभूतपूर्व विश्वासमत प्राप्त करने के लिए स्पीकर माइक जॉनसन को बधाई। माइक एक बेहतरीन स्पीकर होंगे जिससे हमारे देश को लाभ होगा।'' जॉनसन ने चुनाव जीतने के बाद कहा, ''यह मेरे लिए सम्मान की बात है। यह हमारे इतिहास का एक महत्वपूर्ण समय है।'' इसके तुरंत बाद उन्होंने 119वीं कांग्रेस के सदस्यों को शपथ दिलाई।

